Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 326 | शनिवार, 29 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

### 25 लाख के इनामी चैतू सहित 10 माओवादी मुख्यधारा में लौटे



**नई दिल्ली।**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शुक्रवार को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) के सदस्य चैतू उर्फ श्याम दादा सहित 10 माओवादियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। चैतू पर 25 लाख रुपये का इनाम था और उसे 2013 के झीरम घाटी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी माना जाता है, जिसमें कांग्रेस का राज्यस्तरीय नेतृत्व लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया था। वह कई वर्षों से सीपीआइ (माओवादी) के दर्भा डिवीजन का नेतृत्व कर रहा था और छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर सक्रिय सबसे वांछित माओवादियों में शामिल था। आत्मसमर्पण करने वाले अन्य नौ माओवादियों में आठ लाख की इनामी डिवीजनल कमेटी मेंबर (डीसीएम) सरोज उर्फ उर्मिला, एरिया कमेटी के छह सदस्य और पार्टी के दो सदस्य शामिल हैं।

इन सभी पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह आत्मसमर्पण डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे अभियानों के बढ़ते दबाव का परिणाम है।इसके अलावा, वरिष्ठ माओवादियों के हाल के आत्मसमर्पण और छत्तीसगढ़ सरकार की अपील ने भी इस समूह को हथियार डालने के लिए प्रेरित किया।

### इंडिगो और एअर इंडिया की उड़ानों में देरी की आशंका




**नई दिल्ली।**

एयरबस के विमानों में सॉफ्टवेयर से जुड़े बदलावों की खबर के बीच इंडिगो और एअर इंडिया ने कहा है कि देशभर में संचालित उड़ानों में देरी की आशंका है। कंपनियों ने कहा है कि कुछ विमानों को रद्द भी करना पड़ सकता है। दोनों कंपनियों ने यात्रियों से अपडेट लेने के बाद यात्रा करने की अपील की है। जानिए क्या है पूरा मामला विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस ए320 सीरीज के लगभग 250 विमानों में सॉफ्टवेयर से जुड़े बदलाव की जरूरत सामने आने के बाद भारत में इंडिगो और एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान प्रभावित होने की आशंका है। दोनों कंपनियों की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि विमानों में जरूरी बदलाव किए जाने के कारण विमानों के उड़ान में देरी की आशंका है। कंपनियों ने कहा है कि उड़ानों को रद्द भी किया जा सकता है। देश के तीन शीर्ष एयरलाइंस ऑपरेटर्स का यह बयान एयरबस की तरफ से जारी उस बयान के बाद आया है, जिसमें फ्रांस की इस विमान निमार्ता कंपनी ने कहा है कि तीव्र सौर विकिरण से जुड़ी इस समस्या को ठीक करने के लिए सॉफ्टवेयर में जरूरी बदलाव कराने होंगे।

## डीजीपी-आईजी सम्मेलन में बोले अमित शाह

# 'माओवाद, से लेकर कश्मीर की समस्या का स्थायी समाधान मोदी सरकार ने दिया'



**रायपुर।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नवा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय डीजीपी-आइजी कान्फ्रेंस का शुभारंभ करते हुए कहा कि माओवाद, पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर जैसे नासूर बन चुके क्षेत्रों का स्थायी समाधान मोदी सरकार ने प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों का विकास देश के अन्य हिस्सों के समान किया जाएगा। शाह ने देशभर में फैले मादक पदार्थों के संगठित अपराध के खिलाफ 360 डिग्री एक्शन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने राज्यों की पुलिस को एनसीबी के साथ मिलकर अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय

**प्रधानमंत्री मोदी आज और कल छह सत्र में होंगे शामिल**

गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि हमें ऐसा तंत्र विकसित करना होगा कि नार्को तस्करों और अपराधियों को देश में एक इंच भी जगह न मिले। इस कॉन्फ्रेंस में आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, आतंकवाद, माओवाद और नारकोटिक्स नेटवर्क के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह कान्फ्रेंस आंतरिक सुरक्षा के समाधान और नीति निर्धारण का एक प्रमुख मंच बनकर उभरी है। उन्होंने माओवादी हिंसा के समूल उन्मूलन के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए निर्णायक कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि अगली डीजीपी-आइजी कॉन्फ्रेंस से पहले देश इस समस्या से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। 2014 में माओवाद प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, जो अब घटकर केवल 11 रह गई है। शाह ने केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कड़े कानूनों का जिक्र करते हुए बताया कि एनआइए और यूएपीए कानूनों को मजबूत किया गया है और तीन नए आपराधिक कानून लागू किए गए हैं।

## नौसेना के हेलीकॉप्टरों के रखरखाव के लिए अमेरिका से बड़ा समझौता

**नई दिल्ली।**



भारत ने नौसेना के 24 सी-हाक (एमएच-60आर) हेलिकॉप्टरों के पांच वर्षों के रखरखाव के लिए "फॉलो ऑन सपोर्ट" पैकेज के तहत अमेरिका के साथ 7995 करोड़ रुपये का समझौता किया है। इससे नौसेना की क्षमता में बढ़ोतरी होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अगस्त के आखिर में भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगाने के बाद दोनों देशों के रिश्तों में आए कुछ तनाव के बीच इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एमएच-60आर को लॉकहीड मार्टिन कॉरपोरेशन ने बनाया है। इन्हें रात में भी संचालित किया जा सकता है और ये पनडुब्बीरोधी युद्ध में सक्षम हैं। विभिन्न अभियानों में मदद करने के लिहाज से ये आधुनिक एवियोनिक्स और सेंसर से लैस हैं। भारत ने फरवरी, 2020 में 24-एमएच-60आर की खरीद के लिए अमेरिका से समझौता किया था। एचएच-60आर सीहॉक, ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर का समुद्री संस्करण है। पहले तीन एमएच-60आर हेलिकॉप्टरों की आपूर्ति 2021 में की गई थी।

## केंद्र सरकार ने दिल्ली में 40 रुपये किलो बेचना शुरू किया टमाटर

**नई दिल्ली।**



दिल्ली-एनसीआर में टमाटर और प्याज मोबाइल वैन व स्टॉलों के जरिये कृषि भवन, खारी बावली, साकेत, मालवीय नगर, रोहिणी, द्वारका और नोएडा सहित कई स्थानों पर बेचे जा रहे हैं। दिल्ली और एनसीआर में टमाटर के दाम 80 रुपये प्रति किलो से ऊपर पहुंचने के बाद केंद्र सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत सस्ते टमाटर बेचने की शुरूआत कर दी है।

मदर डेयरी में भी बृहस्पतिवार को टमाटर 75 रुपये किलो बिका। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) के माध्यम से टमाटर को 40 रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध कराया है। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर और प्याज मोबाइल वैन व स्टॉलों के जरिये कृषि भवन, खारी बावली, साकेत, मालवीय नगर, रोहिणी, द्वारका और नोएडा सहित कई स्थानों पर बेचे जा रहे हैं।

## इसरो-नासा मिशन की सफलताः 100 दिन में निसार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि



**बंगलूरू।** नासा-इसरो के निसार उपग्रह ने अंतरिक्ष में 12 मीटर एंटीना सफलतापूर्वक तैनात कर विज्ञान चरण में प्रवेश कर लिया है। इसरो ने बताया कि एस-बैंड एसएआर द्वारा ली गई पहली तस्वीर गोदावरी डेल्टा की विस्तृत भू-आकृति को दशार्ती है। पृथ्वी अवलोकन में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले नासा-इसरो संयुक्त उपग्रह मिशन निसार ने अंतरिक्ष में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। बंगलूरू से जारी जानकारी के अनुसार, जीएसएलवी-एफ16 के जरिए 30 जुलाई को लॉन्च किए गए इस उपग्रह ने 12 मीटर व्यास वाले एंटीना रिफ्लेक्टर को सफलतापूर्वक तैनात किया और अब औपचारिक रूप से विज्ञान चरण में प्रवेश कर गया है। यह कदम भारत और अमेरिका दोनों के लिए अंतरिक्ष सहयोग में एक बड़ा पड़ाव माना जा रहा है। इसरो ने कहा कि एंटीना सिंथेटिक अपर्चर रडार तकनीक का मुख्य आधार है, जो इसरो के एस-बैंड और नासा के एल-बैंड दोनों पेलोड के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 19 अगस्त 2025 को एस-बैंड रअफ द्वारा ली गई पहली तस्वीर गोदावरी डेल्टा को दिखाती है, जिसमें मैंग्रोव, कृषि भूमि, सुपारी बागान और मत्स्य पालन क्षेत्र जैसी तमाम भू-आकृतियां अत्यंत स्पष्ट दिखाई देती हैं।

## 'दहेज के कारण व्यावसायिक लेन-देन बनकर रह गई है शादी', सुप्रीम कोर्ट ने कहा- विवाह की पवित्रता हो रही खत्म

**नई दिल्ली।**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि शादी आपसी विश्वास, एक दूसरे के साथ और सम्मान पर बनी पवित्र व उत्कृष्ट संस्था है। दुख की बात है कि दहेज की बुराई की वजह से यह पवित्र बंधन सिर्फ एक व्यावसायिक लेन-देन बनकर रह गया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ बेंच ने कहा कि दहेज हत्या सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज के विरुद्ध अपराध है। पीठ ने कहा, "दहेज की बुराई को अक्सर उपहार या मर्जी से दिए गए चढ़ावे के रूप में छिपाने की कोशिश की जाती है, लेकिन असल में यह सामाजिक रुतबा दिखाने और पैसे के लालच को पूरा करने का जरिया बन गई है।" पीठ ने यह बात ऐसे व्यक्ति की जमानत रद करते हुए कही, जिस पर शादी के सिर्फ चार महीने बाद ही दहेज के लिए अपनी पत्नी को जहर देने का आरोप था। सुप्रीम कोर्ट ने उस व्यक्ति को जमानत देने के हाई कोर्ट के आदेश को उलझा हुआ और बरकरार नहीं रखने लायक पाया, क्योंकि इसमें अपराध की गंभीरता, मरने से पहले दिए गए बयानों और दहेज हत्या की कानूनी सोच को नजरअंदाज किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दहेज की सामाजिक बुराई न सिर्फ शादी की पवित्रता को खत्म करती है।

## यूक्रेन गहरे राजनीतिक संकट में, जेलेंस्की के खास आंद्री यरमक ने दिया इस्तीफा

**कीव।**



यूक्रेन में राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के कार्यालय प्रमुख आंद्री यरमक ने पद से इस्तीफा दे दिया है। यह जानकारी स्वयं जेलेंस्की ने दी है। यरमक ने भ्रष्टाचार मामले की जांच के दायरे में आने के बाद इस्तीफा दिया है। शुक्रवार को उनके आवास और अन्य ठिकानों पर भ्रष्टाचार निरोधी एजेंसियों ने तलाशी अभियान चलाया था। एजेंसियों ने यरमक के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाकर भ्रष्टाचार के साक्ष्य ढूंढ़े हैं। यरमक का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि वह युद्धविराम के लिए हाल ही में अमेरिकी शांति योजना पर अमेरिका और यूरोपीय देशों से जिनेवा में हुई वार्ता करने वाले उच्चस्तरीय दल के प्रमुख थे।

## भीषण सर्दी की चपेट में उत्तर भारत

**नई दिल्ली।**




उत्तर भारत में सर्दी जो पकड़ रही है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में तापमान माइनस में पहुंच गया है, जिससे नदी, नाले और पाइप लाइनें जमने की संभावना बढ़ गई है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी शीतलहर की स्थिति बन रही है, साथ ही गलन वाली सर्दी और कोहरा बढ़ने की संभावना है। दक्षिण भारत में नए चक्रवात 'दितवाह' के टकराने से अगले तीन दिन मौसम खराब रहेगा। दितवाह चक्रवाती तूफान के टकराने से तमिलनाडु में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान आएगा और भारी बारिश का पूवार्नुमान है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी के तटीय इलाकों में 60 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलेंगी और भारी बारिश होगी। इन क्षेत्रों के लिए पेड़ उखड़ने और भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। आईएमडी ने पूवार्नुमान लगाया है कि दितवाह तूफान श्रीलंका तट और समीपवर्ती बंगाल की खाड़ी से होते हुए उत्तर-उत्तरपश्चिमी मार्ग पर आगे बढ़ेगा तथा रविवार की सुबह तक उत्तरी तमिलनाडु और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों के पास पहुंचेगा।

### पाकिस्तान टॉप 10 से बाहर; चीन का वर्चस्व भी होगा खत्म

## ऑपरेशन सिंदूर ने भारत को बनाया दुनिया का तीसरा डिफेंस पावर

**नई दिल्ली।** अब भारत, अमेरिका व चीन के बाद दुनिया का तीसरा डिफेंस पावर है। आस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित 2 थिंक टैंक 'लोवी इंस्टीट्यूट' द्वारा ह्मी जारी 'एशिया पावर इंडेक्स 2025' में भारत की रक्षा ताकत का लोहा माना गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की इस उपलब्धि में आपरेशन सिंदूर की बड़ी भूमिका है। इंडेक्स में में भारत की सैन्य सैन्य ताकत के साथ-साथ तेजी से बढ़ती आर्थिक क्षमता को भी अहमियत दी गई है। इंडेक्स में जिन मानदंडों को आधार बनाया गया है, उसमें भारत ने जापान, रूस, आस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को भी पीछे छोड़ दिया है। वहीं, पाकिस्तान को 16वां स्थान मिला है। बता दें कि वार्षिक एशिया पावर



इंडेक्स में संसाधनों व प्रभाव के आधार पर देशों का स्थान तय किया जाता है। इंडेक्स में 'प्रमुख शक्तियों' में स्थान के लिए 40 अंक जरूरी होते हैं। इस सूची में कुल 27 देशों को शामिल किया गया है। अपनी आर्थिक क्षमता में भारत ने जापान को पछाड़ते हुए एक पायदान की बढ़त दर्ज की है। विदेशी निवेश प्रवाह के मामले में भी भारत नौवें स्थान पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारत की आर्थिक और सैन्य क्षमता दोनों में 2025 में सुधार हुआ है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत गति से बढ़ी है। इन सबके विपरीत भारत रक्षा नेटवर्क के मामले में भारत पिछड़ रहा है। रिपोर्ट में ये उल्लेख भी किया गया कि रक्षा इसके चलते वह फिलीपींस और थाईलैंड बाद 11वें स्थान पर है।

### इन मानदंडों पर बना एशिया पावर इंडेक्स

एशिया पावर इंडेक्स को तैयार करने में कुल 131 संकेतकों और आठ मानकों को आधार बनाया गया है। मानकों में सैन्य क्षमता, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक शक्ति, आर्थिक संबंध, कूटनीतिक एवं सांस्कृतिक प्रभाव, लचीलापन और भविष्य के संसाधनों के आधार पर समग्र प्रभाव क्षमता मापी गई है। इंडेक्स के मुताबिक, उस देश को प्रमुख शक्ति या मेजर पावर कहा जाता है जिसके 40 या उससे अधिक अंक हों।

### निवेश प्रवाह में चीन पीछे

रिपोर्ट में एक महत्वपूर्ण बदलाव पर फोकस किया गया है कि भारत अब अमेरिका के बाद सबसे अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने वाला देश बन गया है। वहीं, चीन तीसरे स्थान पर खिसक गया है।

## संपादक की कलम से

# सुक्खू की सुबह से मुलाकात

शीतकालीन सत्र के कालीन पर कदमों के निशां कहां होते, वो मंजिलें मेरे दरिया की हैं इनके पांव नहीं होते। धर्मशाला इस वक्त अपने नूर की फिजां में एक चश्मदीद गवाह, दीदार कर रहा है कल सुबह हो न हो। यही फितरत रही होगी उस आर्किटेक्ट यानी स्व. वीरभद्र सिंह की, जिन्होंने सत्ता को धौलाधार का आंचल दिया। इस सफर की कहानियां अब मुख्यमंत्रियों के अंदाज में बनने लगी हैं। वीरभद्र सिंह चले, धूमल चले, जयराम चले और सुखविंद्र सिंह सुक्खू चल रहे हैं। होगी इबारत तेरे जश्न की, मगर तू चला तो हमने पढ़ लिया तेरा मुकाम। पिछले तीन दिन से शीतकालीन सत्र के चरित्र में कई उभार, कई ठहराव और मंद-मंद मुस्कराती हवाओं से टकराती सियासी शैलियां। कभी जोरावर स्टेडियम, तो कभी विधानसभा परिसर की तरफ निकलती टोलियां और बदलती बोलियां। खनकते उद्गार, स्वागत की मुद्राएं और प्रश्नों के अंबार। यह ह्यबिजनेसह्ण है, सदन और पटल पर रखे सरोकारों का, लेकिन एक विधानसभा बाहर भी सीधे जनता के मन में सजती है हर बार। एक स्पर्श भंवरे की तरह जब मंडराता है, तो राजनीतिक कोलाहल से दूर उन कदमों की आहट मात्र से सबेरा हो जाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के दीदार ही शायद शिमला के सत्र को धर्मशाला स्थानांतरित करते हैं। इस शहर को अब आदत सी होने लगी है, सुबह की सुक्खू से मुलाकात होने लगी है। होगा अलग रूप सत्ता का, विधानसभा सत्र का उसूल भी अलग होगा, लेकिन जब कोई मुख्यमंत्री सुबह अपने कर्म के बागीचों में टहलता है, तो हवाओं का रुख बदलता है। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने कचहरी में उसी सब्जी विक्रेता लडकी से जब पिछले साल का जिक्र किया, तो धंधे में जोश भर गया। वह बस स्टॉप में युवा पीढ़ी के मंतव्यों के सहचरी बन जाते हैं। वह शुक्रवार शहर में खेल नगरी का उत्साह देखते हैं, तो ट्रैक पर बच्चों के साथ सरकार चलती है। खेल परिसर में कितने ही खिलाडियों का पसीना भारत को अंतरराष्ट्रीय विजय के पथ पर ले जाता है ओर इसे तसदीक करतीं, तीन कबड्डी खिलाड़ी विश्व विजेता के पल मुख्यमंत्री से जोड़ देती हैं। प्रदेश गुजारिश करेगा कि भारत के लिए गोल्ड मेडल लाने वाली पांच हिमाचली बेटियों के गले में सरकार का पुरस्कार और प्रोत्साहन राशि का पुष्पहार पड़े। जाहिर तौर पर जब मुख्यमंत्री अनौपचारिक ढंग से निकलते हैं, तो वास्तविक हिमाचल दिखाई देता है। उम्मीद है अगले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री की सुबह की सैर विभिन्न विभागों को नींद से जगाएगी। वैसे आजकल बहुत सारे सोए हुए महकमे जाग रहे हैं। प्रशासन ऐसा जागा कि शहर से आवारा पशु भाग गए। पुलिस ऐसी जागी कि सडकों पर पार्किंग की दामाद बनीं गाडियां अचानक गायब हो गईं। ट्रैफिक जाम नहीं होते इस शहर में आजकल वीआईपी चलते हैं। चाहे यह भ्रम हो, लेकिन चंद दिनों के लिए आम नागरिक को भी भरोसा हो जाता है कि व्यवस्था बदली जा सकती है। इसी शहर के बस स्टैंड को देखने एक बार बतौर मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी रात को आए थे, लेकिन वहां दिन का अंधेरा कायम है। मुख्यमंत्री एक चक्कर वहां भी लगा लें, क्योंकि वहां कांग्रेस के नेता के नाम से पूरा अस्त-व्यस्त बस स्टैंड टंगा है। टंगी हैं कई परियोजनाएं और परियोजनाओं के खाके। यूनिटी मॉल के नक्शे और कान्वेंशन सेंटर की जमीन पर दो कदम चलके तो देखें। तपोवन के पास जदरांगल की जमीन पर केंद्रीय विश्वविद्यालय की हरितिमा में सुबह के कदम राहत देंगे, एक साथ हजारों लोगों को। यह दीगर है कि शीतकालीन सत्र के दौरान विपक्ष भी खूब चल रहा है। पेंशनर्स ने पुलिस स्टेडियम के आंचल में अपना दर्द भरा है, तो हर दिन हिमाचली फरियाद के कुनबे तपोवन में बसते हैं। शायद इस तरह का फीडबैक मॉल रोड पर की गई सैर से भी नहीं निकलेगा, क्योंकि राजधानी से दूर हिमाचल की सदियां अभी भी आंख नहीं खोल पाई हैं। हिमाचल में मुख्यमंत्री की सैर की तरह, हर जिला का प्रशासन सुबह-सुबह देखे तो पता चलेगा कि मंडी में आपदा बड़ी या नगर निगम के चुनाव जरूरी।



ललित शर्मा
संपादक

# शादी से पहले धमाल ! दिल्ली से सटे ये 5 डेस्टिनेशन बैचलर पार्टी के लिए हैं बेस्ट

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी शानदार और हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि दिल्ली से करीब 5-6 घंटे की ड्राइव पर स्थित हैं। आप इन हसीन जगहों पर दिल खोलकर बैचलर पार्टी एंजॉय कर सकती हैं। अरेंज हो या लव मैरिज, नए जीवन की शुरूआत को लेकर महिलाएं अधिक उत्साहित रहती हैं। क्योंकि उनको पता होता है कि वैवाहिक जीवन में प्रवेश करते ही उनकी जिम्मेदारी बढ़ने वाली है। ऐसे में कई महिलाएं विवाह से पहले दिल खोलकर मौज-मस्ती और पार्टी करना पसंद करती हैं। शादी से पहले जब दिल खोलकर मौज-मस्ती की बात होती है, तो बैचलर्स पार्टी की बात जरूर होती है। वहीं कई महिलाएं अपने घर में बैचलर्स पार्टी करती हैं, तो कई महिलाएं आसपास स्थित कुछ शानदार डेस्टिनेशन की तलाश करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी शानदार और हसीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि दिल्ली से करीब 5-6 घंटे की ड्राइव पर स्थित हैं। आप इन हसीन जगहों पर दिल खोलकर बैचलर पार्टी एंजॉय कर सकती हैं।



**चंडीगढ़:** दिल्ली एनसीआर से करीब 4-5 घंटे की ड्राइव पर आप किसी शानदार और फेमस जगह बैचलर्स पार्टी करने की सोच रही हैं, तो कई महिलाएं सबसे पहले चंडीगढ़ का रुख करती हैं। चंडीगढ़ एक बेहद खूबसूरत शहर है। पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ अपनी शानदार पार्टी हब और नाइटलाइफ के लिए जाना जाता है। चंडीगढ़ में आपको कई रेस्तरां, बार या क्लब मिल जाएंगे, जहां पर आप दिल खोलकर बैचलर्स पार्टी एंजॉय कर सकती हैं। आप चंडीगढ़ में बैचलर्स पार्टी के लिए सेक्टर 32 जा सकती हैं।

**शिवपुरी :** दिल्ली एनसीआर से करीब 260 किमी दूरी पर शिवपुरी स्थित है। यह ऋषिकेश के पास में स्थित एक मनमोहक और खूबसूरत डेस्टिनेशन है, जोकि शानदार नाइट पार्टी के लिए जाना जाता है। यह एक शानदार और मनमोहक हिल स्टेशन है। शिवपुरी की हसीन वादियों में आपको कई ऐसे टेंट हाउस और गेस्ट हाउस रेंट पर मिल जाएंगे। आप बेफिक्र होकर यहां पर अपने दोस्तों के साथ धमाकेदार अंदाज में बैचलर्स पार्टी कर सकती हैं। शिवपुरी के कई टेंट हाउस में अपना म्यूजिक सिस्टम भी होता है। शिवपुरी में बैचलर पार्टी के दौरान आपको कोई रोकने-टोकने वाला भी नहीं होगा। आप यहां पर रात भर पार्टी कर सकती हैं।

**जयपुर:** राजस्थान की राजधानी जयपुर अपनी ऐतिहासिक और खूबसूरत इमारतों के अलावा शानदार नाइटलाइफ के लिए भी जाना जाता है। जयपुर एक सेफ शहर माना जाता है। इसलिए यहां पर कई महिलाएं पार्टी करने से लेकर घूमने तक के लिए भी आती हैं। जयपुर अपनी खूबसूरती के अलावा बैचलर पार्टी के लिए भी जाना जाता है। इस शहर में कई रिसॉर्ट, विला और होटल मौजूद हैं। यहां पर आप अपने दोस्तों के साथ बिना किसी फिक्र के बैचलर पार्टी एंजॉय कर सकती हैं। आप बहुत कम खर्च में द स्टैग रूफटॉप और द बूज ऑन लाउंज में बैचलर्स पार्टी एन्जॉय कर सकती हैं।

**नैनीताल:** अगर आप शिवपुरी से भी खूबसूरत और सुरक्षित हिल स्टेशन में बैचलर्स पार्टी खुलकर एंजॉय करना चाहती हैं, तो आपको नैनीताल की हसीन वादियों में जाना चाहिए। नैनीताल, उत्तराखंड का एक फेमस हिल स्टेशन है, जहां पर महिलाएं अक्सर अकेले घूमने के लिए पहुंचती हैं। बता दें कि नैनीताल के पहाड़ों में कई ऐसे विला, रिसॉर्ट और क्लब मौजूद हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों के साथ रात भर पार्टी कर सकती हैं। बैचलर्स पार्टी करने के बाद आप नैनीताल में स्नो व्यू पॉइंट, नैनी झील और टिफिन टॉप जैसी शानदार और हसीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

# एसआईआर का विरोध: चिन्ता लोकतंत्र की या वोट बैंक की?

भारत का लोकतंत्र आज जिस निर्णायक मोड़ पर खड़ा है, वहां उसकी विश्वसनीयता और मजबूती का सवाल पहले से कहीं अधिक गंभीर हो गया है। चुनावों की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुचिता और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से मतदाता पहचान की सत्यता को बनाए रखना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को सुरक्षित रखने का मूल तत्व है। विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई वह अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से मतदाता सूची में मौजूद संदिग्ध, दोहरे या अवैध प्रविष्टियों की पहचान और सत्यापन किया जा सके। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कार्य को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक कदम माना जाना चाहिए, उसे कुछ विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के चश्मे से देख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में जिस प्रकार के उतावले, भावनात्मक और अक्सर तथ्यहीन तर्क प्रस्तुत किए गए, उससे यही प्रतीत होता है कि यह विरोध किसी तर्क या सिद्धांत का नहीं, बल्कि वोट-बैंक की चिंता का परिणाम है। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहकर बेतूका राष्ट्र-विरोधही अड़ंगा लगाने वालों को आईना ही दिखाया कि बिहार में तो एक भी व्यक्ति यह शिकायत करने नहीं आया कि उसका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि बिहार में एसआईआर के समय कुछ खास लोगों के वोट काटे जाने का आरोप उछालने वाले भी ऐसे कथित पीड़ित लोगों के उदाहरण का साक्ष्य नहीं दे सके थे। हालांकि बिहार में एसआईआर पर विपक्षी दलों को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन वे बाज नहीं आ रहे हैं और अब 12 राज्यों में जारी एसआईआर की प्रक्रिया को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष खड़े हैं।




यह तब है, जब एसआईआर वाले राज्यों में करीब 65 प्रतिशत फार्म भरे जा चुके हैं। इसका मतलब है कि लोग इस प्रक्रिया में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। एसआईआर होना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि मतदाता सूचियों में भारी त्रुटियां एवं विसंगतियां है, बड़ी संख्या में ऐसे लोगों के नाम दर्ज हैं, जिनकी मृत्यु हो गई है या फिर जो अन्यत्र चले गए हैं। इसके अलावा ऐसे भी लोग हैं, जिनके पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। चुनाव आयोग एसआईआर के जरिये इन्हीं विसंगतियों को दूर कर रहा है, लेकिन विपक्षी दलों को पता नहीं क्यों यह रास नहीं आ रहा है। वे मतदाता सूचियों में गड़बड़ी की शिकायत भी कर रहे हैं और एसआईआर भी नहीं होने देना चाहते है। लोकतंत्र की जड़ों में सबसे बड़ा विष तब घुलता है जब मतदाता सूची अवैध हस्तक्षेपों, बाहरी घुसपैठियों और राजनीतिक संरक्षण के सहारे खड़ी प्रविष्टियों से दूषित होने लगती है। भारत लंबे समय से विदेशी घुसपैठ की समस्या से जूझ रहा है। राज्यों के बीच असंतुलित प्रवासन, सीमावर्ती क्षेत्रों में बेतरतीब आबादी का फैलाव, राजनीतिक शरण और संरक्षण के नाम पर अवैध बसेरों का निर्माण-ये सब ऐसी वास्तविकताएं हैं जिन्हें अनदेखा करना राष्ट्रहित से खिलवाड़ है। एसआईआर की प्रक्रिया इसीलिए आरंभ की गई कि मतदाता सूची को अद्यतन, शुद्ध, विश्वसनीय, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित बनाया जा सके। यह प्रक्रिया किसी समुदाय, क्षेत्र या वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यक्तिगत पहचान के सत्यापन पर आधारित है। यह समान रूप से हर उस मतदाता की जांच करती है जो कानूनन इस प्रक्रिया का हिस्सा है। इसके बावजूद विपक्ष द्वारा इसे अधिकारों पर हमला, राजनीतिक भेदभाव या अविश्वास की राजनीति से जोड़ना केवल दुष्प्रचार एवं भोलेभाले लोगों को गुमराह करना है। यह सवाल इसलिए उठता है कि जब प्रक्रिया सबके लिए समान है, सभी क्षेत्रों पर लागू है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन में संचालित हो रही है, तो किस आधार पर इसे लोकतंत्र विरोधी कहा जा सकता है? वास्तव में विपक्ष इस प्रश्न का ठोस, तथ्यपूर्ण उत्तर देने में असफल रहा है। यह आशंका निराधार नहीं कि बंगाल जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए मतदाता बन बैठे हैं। उनके बांग्लादेश लौटने से इसकी पुष्टि भी होती है। यह ठीक है कि पहचान पत्र के रूप में आधार भी मान्य है, लेकिन उसे भी फर्जी तरीके से बनवाया गया हो सकता है। ऐसे में चुनाव आयोग को दस्तावेजों के सत्यापन का अधिकार मिलना ही चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत विपक्षी तर्कों का विश्लेषण करें, तो उनमें वास्तविक तथ्यों एवं आंकड़ों का अभाव है। भावनात्मक अपीलें, आशंकाओं का जानबूझकर सृजन, प्रशासनिक प्रक्रिया को अविश्वसनीय बताने का प्रयास, और तथ्यों से अधिक आरोपों का शोर-ये सब इस बात की ओर संकेत करते हैं कि उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक जमीन को बचाना है। यदि मतदाता सूची वास्तव में त्रुटिरहित है, यदि घुसपैठियों का प्रश्न बिना आधार का है, यदि किसी वर्ग की वैधता पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं, तो फिर सत्यापन से भय क्यों? सत्यापन तो वही व्यक्ति या समूह टालेगा, जो स्वयं को संदेह के घेरे में पाता हो। जो स्वच्छ, वैध और तथ्यपूर्ण हैं उन्हें कभी डर नहीं होता कि जांच उनके लिए समस्या बन जाएगी। इसलिए यह विरोध लोकतंत्र की चिंता नहीं बल्कि लोकतंत्र का उपयोग करके अपने हित साधने की कोशिश प्रतीत होता है। भारत की चुनाव प्रणाली में वर्षों से यह शिकायत उठती रही है कि मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियां, मृत व्यक्तियों के नाम, काल्पनिक मतदाता और बाहरी लोगों की अवैध प्रविष्टियां बढ़ती जा रही हैं। इनमें से अधिकांश समस्याएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं, लेकिन एक बड़ा हिस्सा ऐसे राजनीतिक हितों का भी है जो ऐसी प्रविष्टियों को बनाए रखने में खुद को लाभान्वित देखते हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि भारत के अनेक राज्यों में स्थानीय राजनीतिक तंत्र विदेशी घुसपैठियों के लिए न केवल छत्रछाया प्रदान करता रहा है, बल्कि उन्हें वोट-आधारित पहचान और सुविधाओं तक पहुंच भी दिलाता रहा है। इन परिस्थितियों में एसआईआर जैसी प्रक्रिया न केवल उचित है, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। यह प्रक्रिया जितनी देर से लागू होगी, लोकतंत्र पर उतना ही खतरा बढ़ेगा। एसआईआर के विरोध का एक और पक्ष भी है, और वह है विपक्ष का यह डर कि यदि मतदाता सूची शुद्ध कर दी गई, तो उनका चुनावी गणित प्रभावित होगा। यह राजनीति का वह पक्ष है जिसमें आदर्शवाद के लिए बहुत कम जगह है। राजनीतिक दल अक्सर यह मानकर चलते हैं कि जहां संख्या उनके पक्ष में है, वहां सुधार का कोई हस्तक्षेप उनकी स्थिति को कमजोर कर सकता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है, क्योंकि लोकतंत्र केवल सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि नागरिक विश्वास और संवैधानिक मूल्यों का संरक्षक है। एसआईआर का उद्देश्य किसी को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि मताधिकार का उपयोग वही करे जो इसके योग्य है, जो देश का वैध नागरिक है, और जिसका नाम सही तरीके से मतदाता सूची में दर्ज है।



ललित गर्ग

भारत का भविष्य उन सुधारों पर निर्भर करता है जो चुनावों को अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनाएं। जब तक मतदाता सूची शुद्ध नहीं होगी, तब तक चुनाव परिणामों पर संदेह रहेगा और लोकतंत्र की साख कमजोर होती जाएगी। एसआईआर इस दिशा में उठाया गया साहसिक कदम है, जिसे किसी भी प्रकार के राजनीतिक दबाव या भ्रम फैलाने वाले अभियानों से प्रभावित नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में यह प्रक्रिया और अधिक निष्पक्ष और संरक्षित होती है, इसलिए विरोध के ये प्रयास और भी आधारहीन प्रतीत होते हैं। लोकतंत्र की मरम्मत और मजबूती का यह अवसर खोना राष्ट्रहित के विरुद्ध होगा।

## उदय किशोर साह



## अमर रहेगा प्रेम तराना

### कविता

फिजां में कल गुजेंगी अपनी प्रेम तराना
हर युग में मिलेगें जग में दो प्रेमी दीवाना
हर प्यार में होगें दो प्रेमी जाना पहचाना
भले ही दफन कर दे हमें जालिम जमाना


प्रेम की अमर गाथा है अमर दास्ताना
हर प्रेमी है प्रेम पुजारी हर युग में है आना
भले ही भूल जाये हम प्रेमी को ये जमाना
पर लिख जायेगें हम अमर प्रेम की दास्ताना

सितम ढ़ाया है हर युग में कोई कोई बेगाना
पर कब रूके हैं प्रेम सफर का हम दीवाना
प्रेम में है जीना प्रेम में ही है मर कर चला जाना
भले ही पत्थर से मार छलनी कर दे ये अनजाना

संग जीने मरने की कसमें खाई है सुन ले जमाना
ना कभी कोई रूका है ना हम भी रूकेगें ये माना
मंजिल पे होंगें जहाँ होगा अपना प्रेम आशियाना
चाहे लहू लुहान कर दे मुश्किल है रोक पाना

दो प्रेमी के बीच दीवार ना बन अय जालिम जमाना
हम मिल के जीयेगें चाहे कुछ भी कर लो सयाना
ये प्रेम डगर है कठिन सफर है मैंने भी इसे है माना
पर अमर रहेगा हमारी प्रेम की पावन ये दास्ताना

# विकसित भारत:सुरक्षा आयाम- 60वां अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक सम्मेलन 29-30 नवंबर 2025



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर भारत की आंतरिक सुरक्षा संरचना को अधिक मजबूत, अधिक तकनीक-आधारित और अधिक भविष्य- संवेदी बनाने की दिशा में 60वां अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक सम्मेलन एक ऐतिहासिक पड़ाव के रूप में उभर कर सामने आया है। यह सम्मेलन 28 से 30 नवंबर 2025 तक नया रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में आयोजित हो रहा है। इसमें देश के गृह मंत्री पहले ही शामिल हो चुके हैं, जबकि प्रधानमंत्री 29 और 30 नवंबर को अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इतने उच्च-स्तरीय नेतृत्व की प्रत्यक्ष भागीदारी यह दर्शाती है कि भारत में सुरक्षा प्रशासन अब केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित मुद्दा नहीं रहा,बल्कि विकसित भारत के व्यापक राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अभिन्न और केंद्रीय घटक बन चुका है। विकसित भारतः सुरक्षा आयाम विषय-सार इस सम्मेलन की यही भावी और बहु-आयामी दिशा दशार्ता है।इसमें वामपंथी उग्रवाद आतंकवाद-निरोध, आपदाप्रबंधन महिला सुरक्षा, साइबर-अपराध और फोरेंसिक विज्ञान एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हो रहा है। इन सभी क्षेत्रों में पिछले वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, और अब आवश्यकता है कि इन उपलब्धियों को एकीकृत कर एक ऐसे सुरक्षित भारत का निर्माण किया जाए, जो वैश्विक शक्ति बनने की अपनी आकांक्षा को सुरक्षा दृष्टि से भी पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ा सके।यह सम्मेलन मूलतः एक ऐसे संवादात्मक मंच के रूप में विकसित हुआ है जहां राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े उच्चतम स्तर के निर्णयकर्ता पुलिस प्रशासन की वास्तविक चुनौतियों पर खुलकर चर्चा करते हैं।भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और निरंतर परिवर्तनशील देश में सुरक्षा चुनौतियाँ स्थिर नहीं हैं; वे लगातार रूप बदलती हैं, क्षेत्र विशेष के हिसाब से अपना अलग रूप लेती हैं और समय-समय पर तकनीकी, सामाजिक और भू-राजनीतिक स्वरूपों में विकसित भी होती रहती हैं। ऐसे वातावरण में पुलिस बलों के बीच अनुभवों का साझा होना, विभिन्न राज्यों के मॉडल का तुलनात्मक अध्ययन, और केंद्र तथा राज्य सरकारों के स्तर पर एक एकीकृत राष्ट्रीय सुरक्षा दृष्टिकोण तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। यह सम्मेलन वर्षों से इसी भूमिका को निभाता आया है,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूँ कि 2025 का यह संस्करण अधिक महत्त्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि भारत अब 2030 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में पहुँचने का लक्ष्य ले चुका है,और विकसित राष्ट्र बनने का अर्थ आर्थिक उन्नति भर नहीं, बल्कि उच्च स्तरीय घरेलू सुरक्षा संरचना भी है। साथियों बात अगर हम इस वर्ष के सम्मेलन की करें तो यह वामपंथी उग्रवाद पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है। पिछले एक दशक में वामपंथी हिंसा में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन पूरी तरह से इसका उन्मूलन अभी शेष है। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि वामपंथी उग्रवाद केवल पुलिस युद्ध नहीं है;यह सामाजिक विश्वास बहाली विकास की पहुंच,स्थानीय शासन के सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक भागीदारी से भी जुड़ा हुआ मुद्दा है।यही कारण है कि इससम्मेलन में वामपंथी गतिविधियों के मूल कारणों की समीक्षा,प्रभावित क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे के विकास, सुरक्षा बलों के बेहतर संसाधन,और स्थानीय प्रशासन के समन्वय पर गहरी चर्चा हो रही है। इसके साथ ही ड्रोन, उपग्रह निगरानी और एआई- आधारित पैटर्न विश्लेषण जैसे आधुनिक उपकरणों द्वारा उग्रवाद-निरोध को अधिक प्रभावी बनाने पर भी विचार किया जा रहा है।आतंकवाद निरोध एक ऐसा क्षेत्र है, जिसे केवल जमीनी संघर्ष के रूप में नहीं देखा जा सकता।आधुनिक आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय फंडिंग नेटवर्क, साइबर रिक्रूटमेंट, एन्क्रिप्टेड कम्युनिकेशन और ड्रोन-आधारित हमलों जैसे नए रूपों में उभर रहा है।भारत के सामने चुनौती यह है कि वह वैश्विक आतंकवाद के इन नए चेहरों से निपटने के लिए अपने सुरक्षा संसाधनों को तकनीकी और वैचारिक दोनों स्तरों पर आधुनिक बनाए। सम्मेलन में यह चर्चा हो रही है कि आतंकवाद विरोधी तंत्र को मजबूत करने के लिए सूचना- साझाकरण तंत्र (इंटेलिजेंस शेयरिंग) को और अधिक समन्वित,तेजी से क्रियाशील और प्रौद्योगिकी- सक्षम बनाया जाए। साथ ही,कट्टरपंथ से लड़ने के लिए सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। साथियों बात अगर हम इसके समानांतर, आपदा प्रबंधन भी इस सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण विषय है इसको समझने की करें तो जिस प्रकार जलवायु परिवर्तन प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता बढ़ा रहा है, उससे पुलिस और सुरक्षा प्रशासन की भूमिका और चुनौती दोनों ही विस्तृत हुई हैं।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा 50 स्वयंसेवकों को आपदा प्रशिक्षण के लिए हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए रवाना किया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से आपदा मित्र योजना के तहत प्रथम चरण में 50 स्वयंसेवकों को आपदा प्रशिक्षण के लिए हरी झंडी दिखाकर एसडीआरएफ लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले में आपदा का सामना करने में सक्षम बनेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आपदा मित्र जिले में फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग ने एनसीसी, एनएसएस व एनजीओ में से इन स्वयंसेवकों का चयन किया है। इन सभी को 12 दिन के प्रशिक्षण के लिए एसडीआरएफ लखनऊ भेजा जा रहा है। केंद्र सरकार की तरफ से सामुदायिक जागरूकता से आपदाओं के समय होने वाले नुकसान को कम करने लिए इस योजना को लागू किया जा रहा है। आपदा मोचक निधि से आपदा मित्र परियोजना संचालित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने बताया कि प्रथम चरण में प्रशिक्षण को 50 आपदा मित्र एसडीआरएफ लखनऊ भेजे जा रहे हैं। 29 नवंबर से इनका 12 दिवसीय प्रशिक्षण होगा।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा निर्देशों पर इन स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन, आपदा पूर्व तैयारी, भूकंप सुरक्षा, खोज एवं बचाव, अग्नि सुरक्षा, बरसात के मौसम में बाढ़, आकाशीय बिजली, सीपीआर आदि का निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद इन्हें आपातकालीन किट उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनका उपयोग आपदा के समय किया जा सके, जिसमें फर्स्ट एड किट, लाइफ जैकेट, टार्च, सुरक्षा हेलमेट, लाइटर, बहु उपयोगी रस्सी, कटर, सीटी आदि दिया जाएगा। इस मौके पर जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ प्रशांत श्रीवास्तव तथा आपदा मित्र मौजूद रहे।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी वान्या सिंह ने मतदान केंद्र का निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ) कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने और जमा हुए फार्मों को डिजिटाइज करने के लिए आज स्थानीय कंपोजिट विद्यालय पुलिस लाइन बिजनौर तथा ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल के ग्राम तैमूरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मतदाताओं को यथासंभव सुविधा प्रदान करें और उनको सहयोग भी उपलब्ध कराएं ताकि सभी मतदाता अपने आवेदन पत्रों को भर कर जल्द से जल्द जमा कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवेदन पत्रों में सभी सूचनाओं को सही और ध्यानपूर्वक अंकित की जाएं। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं से प्राप्त होने वाले गणना प्रपत्रों को प्राथमिकता के आधार पर डिजिटाइज करना सुनिश्चित करें और इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें।

उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा अपने फार्म भरकर तत्काल बूथ लेवल अधिकारियों को उपलब्ध कराएं यदि फार्म का पूरा विवरण उनके पास नहीं है तो अपना नाम, मोबाइल नंबर माता पिता का नाम वाला कालम भर दें। ड्राफ्ट पब्लिकेशन के बाद वह शेष डाक्युमेंट देकर फार्म को पूरा करवा सकते हैं।

# डिजिटाइजेशन हेतु नगर निगम स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस में बनाए गए गणना पत्र फीडिंग सेंटर का निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया

आगरा आज जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पारदर्शी बनाने के लिए जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (रकफ)-2026 के अंतर्गत मतदाता गणना पत्रों के डिजिटाइजेशन हेतु नगर निगम स्थित स्मार्ट सिटी ऑफिस में बनाए गए गणना पत्र फीडिंग सेंटर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्मार्ट सिटी ऑफिस में बने गणना पत्र डिजिटाइजेशन सेंटर में उपस्थिति बीएलओ, सुपरवाइजर को प्रेरित किया तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गौरतलब है कि जनपद की शहरी क्षेत्र में स्थित 87-आगरा कैंट विधानसभा, 88- आगरा साउथ व 89- आगरा नॉर्थ विधानसभाओं में एसआईआर के तहत गणना पत्र वितरण, संकलन तथा डिजिटाइजेशन के कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए डिजिटाइजेशन कार्यों में तेजी लाने हेतु स्मार्ट सिटी ऑफिस में गणना पत्र डिजिटाइजेशन सेंटर बनाया गया है जहां 40 से अधिक ऑपरेटर, संबंधित विधानसभाओं के बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ गणना पत्र डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने विधानसभावार गणना पत्र संकलन तथा उनके डिजिटाइज की जानकारी ली तथा शिफ्टवार ड्यूटी लगा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि ऐसे बीएलओ जिनके द्वारा गणना फॉर्म का संकलन तो किया गया है लेकिन उन्हें डिजिटाइज नहीं कर पा रहे थे या उन्हें डिजिटाइजेशन में कठिनाई आ रही थी उनको चिह्नित कर उन्हें सहयोग किया जा रहा है तथा उन सभी बीएलओ के फार्म यहां डिजिटाइज किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि बीएलओ द्वारा फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन प्रक्रिया की जा रही है। गणना प्रपत्र भरने में प्रत्येक विवरण को ध्यानपूर्वक भरा जाए। फॉर्म की फीडिंग और डिजिटाइजेशन कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि न हो।

# विज्ञान प्रश्नोत्तरी मे सुभाष हाउस ने बाजी मारी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर** : गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में सभी पांच हाउसो सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस के बीच विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। सभी हाउस के कक्षा 3 से कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। हाउसवाइज नतीजे - प्रथम सुभाष हाउस 98 अंक, द्वितीय टैगोर हाउस हाउस 97 अंक, तृतीया भगत सिंह हाउस 72 अंक। सुभाष हाउस से हिमाक्षी, अभिनव, धैर्य, भूमि, अक्षर, आरुष, इनाया, यथार्थ, यश, नव्या, प्रीत, कार्तिकेय, ध्रुव, मनप्रीत, शैलव, रिया, आरव, पर्व, आदित्य, प्रभसिमरन, हर्षिता, अलीशा, दीक्षित, ध्रुव, हर्षवर्धन ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। टैगोर हाउस से रिनाज, आरुष, विराज, प्रज्ञा, पार्थ, कृति, निशिता, अफान, हम्माद, सत्यम, मुआज, इशांत, फलक, इशिका, शाल्वी, जसप्रीत, सोनी, अफ्शा,दक्ष, फाजिल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। भगत सिंह हाउस से सिद्रा,शौर्य, प्राची, आव्या, आरुषि, कोसी, सूर्य, अदम्य ,अद्वित, स्पर्श, गर्व, नैतिक, साक्षी, फाहद, मुकुल ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। गांधी हाउस से आहिल, अभिशा, ख्याति, युग, रिजा, अन्वी ,आरोही, मयंक, इशप्रीत, मीनाक्षी, कृति, तनवीर, अतिन, सुरभि ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। तेज हाउस से आहिल, स्वस्ति, तन्वी, अनिकेत, रुद्राक्ष, संस्कार, अक्ष, अर्णव, मानवी, मीत, युवराज, धैर्य ,काव्या, अक्षत, आयजा, प्रियल, रीत ने सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह एवं प्राचार्य अवनीश कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं विज्ञान के जीवन में महत्व के बारे में बताया।

प्रतियोगिता के आयोजन में समन्वयक दीपक कुमार, गतिविधि प्रभारी अंशुल कुमार, विमल देव, तरूण अहलावत, अभिषेक शर्मा, भूपेन्द्र सिंह,विकास डबास, हिमांशु शेखावत, अंकित कुमार डोली दिवाकर आदि शिक्षकों ने योगदान दिया।

# टूटी सड़कों पर निर्माण कार्य शुरू न होने पर भाकियू महाशक्ति ने नगर पालिका परिसर में दिया धरना



वेलकम इंडिया

शिकारपुर/शुक्रवार को नगर पालिका परिषद में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने एनसीआर अध्यक्ष नरेश प्रधान के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना दिया। धरना स्थल पर पहुंची ईओ नीतू सिंह ने किसानों की समस्या सुनकर कर निस्तारण करने का आश्वासन दिया है कहा है कि जिन टूटी सड़कों पर कार्य होना था उन सड़कों पर जल्द कार्य शुरू करा दिया जाएगा। नरेश प्रधान ने बताया है कि ईओ ने इन सड़कों पर 5 दिसंबर तक कार्य करने का पूर्ण आश्वासन दिया गया है। यह सड़क भगत चौक वाली और अग्रसेन चौक वाली बननी है। ईओ के आश्वासन के बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन का समापन किया गया।

# सीडीओ की अध्यक्षता में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को और अधिक सुरक्षित एवं सुचारू बनाए जाने हेतु विभागवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने एनएचआई तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि विभिन्न क्षेत्रों के अनुसार निर्धारित गति सीमा की जानकारी हेतु गतिसीमा संकेतक बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएँ, ताकि अनियंत्रित गति से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सके। उन्होंने कहा कि एनएच से जुड़ने वाले लिंक मार्गों पर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर लगाए जाएँ ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने संबंधित विभागों को ब्लैक स्पॉटों की पहचान कर त्वरित समाधान निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है, उन क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा ऑडिट कराया जाए एवं सुधारात्मक कार्यवाही प्राथमिकता पर की जाए। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि छोटे बच्चों एवं बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित कराए जाएं, जिससे विद्यार्थी व अभिभावकों में यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता बढ़ सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूली वाहनों में निर्धारित मानकों का पालन अनिवार्य है तथा मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर वाहन स्वामियों एवं संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर रामपुर में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान

वेलकम इंडिया गुलजार आलम




**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान भारत 3.0 के अंतर्गत जनपद सलाहकार डॉ शहजाद हसन खान द्वारा सेंट मैरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा समस्त ई-रिक्शा चालकों एवं रिक्शा चालकों को विद्यालय में बुलाया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा सभी को तंबाकू से होने वाली हानियों एवं बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया और उसके समुचित इलाज के बारे में भी बताया गया। अपने जीवन में तंबाकू का सेवन न करने के लिए समस्त स्कूली वाहन चालकों, विद्यालय के अध्यापिकाओं एवं अध्यापकों को शपथ दिलाई गई तथा ई-रिक्शा चालकों को तंबाकू मुक्ति दूत बनाते हुए तंबाकू मुक्त युवा अभियान भाग 3.0 की टी- शर्ट वितरित की गई। इसके उपरांत राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. जागृति मदन द्वारा महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें वाद विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवं एनसीसी तथा एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा तंबाकू मुक्त अभियान के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू युवा अभियान भाग 3.0 की टी-शर्ट एनएसएस के छात्र-छात्राओं को वितरित की गई।

# पुलिस कमिश्नरेट आगरा की स्थापना के 03 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

आगरा मैं पुलिस कमिश्नरेट आगरा की स्थापना के 03 वर्ष पूर्ण होने के गरिमामयी अवसर पर परेड ग्राउंड, रिजर्व पुलिस लाइन्स, आगरा में आयोजित भव्य प्रदर्शनी/कार्यक्रम का वर्चुअल शुभारम्भ श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० ऊ ॠ ढ वस्त्र द्वारा किया गया। योगेंद्र उपाध्याय, माननीय मंत्री (उच्च शिक्षा विभाग) एवं श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन, पुलिस आयुक्त,आगरा, पुलिस उप महानिरीक्षक आगरा रेंज, अपर पुलिस आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के उपरांत उत्कृष्ट पुलिसिंग कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को, माननीय जनप्रतिनिधियों तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती बबीता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्षा आगरा डॉ. मंजू भदौरिया, मा० विधायक फतेहाबाद छोटेलाल वर्मा, मा० विधायक आगरा कैंट डॉ. जी.एस. धर्मेश, श्रीमान मण्डलायुक्त आगरा, जिलाधिकारी आगरा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश आगरा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) आगरा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) आगरा सहित अन्य न्यायाधीशगण एवं अभियोजन अधिकारी, चिकित्सकगण, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, व्यापारी, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधिगण, सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित स्कूली बच्चों के अभिभावक, आगरा के सम्मानित नागरिक तथा पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विधि-विधान से 1045 जोड़ों का सम्पन्न हुआ वैवाहिक कार्यक्रम

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत राजकीय आश्रम पद्धति के निकट मैदान में आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर कुल 1045 नवदंपत्तियों का पूर्ण विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम में राज्य पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष सूर्या प्रकाश पाल, राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन मोहन लाल सैनी, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। अपने संबोधन में राज्य पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष सूर्या प्रकाश पाल ने कहा कि यह समारोह उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और पात्र परिवारों को सम्मान के साथ आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन मोहन लाल सैनी ने कहा कि सभी नवदंपत्तियों का जीवन सुखमय और समृद्ध रहे। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम आपसी सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है तथा इस योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह धूमधाम और गरिमा के साथ संपन्न कराया जा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय पहल है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसके तहत निम्न अर्थव्यवस्था वाले परिवार की बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना को और अधिक पारदर्शी ढंग से लागू करने के लिए और पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए विभाग द्वारा बायोमैट्रिक प्रक्रिया प्रारंभ की गई है।

# आगरा के शाहगंज क्षेत्र में हाईप्रोफाइल चोरी का खुलासा

वेलकम इंडिया



आगरा में के शाहगंज क्षेत्र में 15/16 नवंबर की रात हुए हाईप्रोफाइल चोरी के मामले से आखिरकार पर्दा उठ गया है। आलोक नगर की एक बंद कोठी में उस समय सेंध लगाई गई थी, जब पूरा परिवार शादी समारोह में गया हुआ था। चोरों ने मौका पाकर घर का ताला तोड़ा और करीब 35 हजार रुपये नकद, 150 ग्राम सोना, एक कीमती घड़ी और चांदी की मूर्ति पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस ने कई टीमें लगाई थीं, जिनकी लगातार निगरानी और कामयाबी से पूरे गैंग का पूर्ण वर्कआउट कर लिया गया। एसीपी गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने तकनीकी और मानव दोनों तरह के इनपुट्स पर काम किया। बुधवार रात इस केस का पूरा राज खुल गया। गिरफ्त में आए आरोपियों में अबुल हुसैन और फरीद मुख्य भूमिका में थे, जिन्होंने घर की गतिविधियों की रेकी कर चोरी की योजना बनाई थी। चोरी में एक महिला आरोपी भी शामिल थी, जो चोरी किए गए सोने और चांदी की मूर्ति को आगे सप्लाई करने की जिम्मेदारी संभाल रही थी।

# डीएम की गैरमौजूदगी में डीडीओ एवं डीसी मनरेगा की अध्यक्षता में चौपाल कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत मकड़ौर के टोला पतियापुर गांव में गांव की समस्या गांव में समाधान करने की मंशा को लेकर शुक्रवार को ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शिव शरणप्पा जीएन की गैरमौजूदगी में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी सतीश सिंह एवं डीसी मनरेगा संदीप सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे डीडीओ सतीश सिंह एवं डीसी मनरेगा संदीप सिंह का ग्राम प्रधान उर्मिला देवी एवं प्रधान प्रतिनिधि पप्पू गुप्ता ने उन्हें बुकें देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम को लेकर डीडीओ सतीश सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार हर शुक्रवार को ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जिससे कि गांव के लोगों की समस्याओं का गांव में ही समाधान किया जा सकें। चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, जिला पूर्ति विभाग से राशन कार्ड आदि, समाज कल्याण द्वारा वृद्धावस्था, निराश्रित महिला (विधवा) एवं दिव्यांग पेंशन, सामूहिक विवाह, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग से आयुष्मान कार्ड, आभा कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, सामुदायिक शौचालय समेत व्यक्तिगत शौचालय, पंचायत भवन से मिलने वाली सुविधाएं एवं विभिन्न योजनाएं जैसे रवि, खरीफ एवं जायद की फसलों की बुवाई से पूर्व मिलने वाले पीएम किसान सम्मान निधि, फारमर रजिस्ट्री आदि सहित पराली प्रबन्धन यानी खेती किसानी से सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं एवं उनके लाभ-हानि की जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम को डीसी मनरेगा संदीप सिंह, डीडी (एजी) राजेश कुमार, बीडीओ चन्द्र भूषण तिवारी ने भी सम्बोधित किया। प्रभारी एडीओ (पं0) सचिव कुंवर कन्नौजिया, एडीओ समाज कल्याण प्रमोद कुमार माझी, सीडीपीओ अभय प्रताप सिंह, सचिव राम सिंह, सचिव अजय कुमार भारतीया, सचिव गौरव श्रीवास्तव, सचिव संदीप सरोज, सचिव कुंवर कन्नौजिया, मनरेगा जेई पियूष मिश्रा, मनरेगा जेई शिवपूजन चौधरी, डॉ0 गणेश प्रसाद, डॉ0 राकेश कुमार गुप्ता, प्रधान प्रतिनिधि पप्पू गुप्ता, उत्तमा सोनी एचपी गैस के प्रोपराइटर राजेश कुमार आर्या, सर्वेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## लेंटर गिरने से आधा दर्जन मजदूर घायल

**मथुरा।/कोसीकलां।** नंदगांव रोड पर एक निमार्णाधीन फैक्टरी का लिंटर डालते समय अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में काम कर रहे 5 मजदूर लेंटर के मलबे के नीचे दबकर चुटैल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने मजदूरों को मलबे से बमुश्किल बाहर निकाल उपचार के लिए स्थानीय हास्पीटल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिक्तिसकों ने सभी को छुट्टी दे दी। आर्यनगर निवासी दीपक अग्रवाल की नंदगांव रोड पर रबर पैड बनाने की फैक्टरी है। फैक्टरी में लेंटर डाला जा रहा था। मजदूरों द्वारा लेंटर डालते समय वाईब्रेटर से कंपन होने लगी इसी दौरान अचानक लेंटर भरभराकर नीचे गिर पड़ा। लेंटर गिरते ही घटना स्थल पर चीख पुकार मच गई। हादसे में मजदूर अजदार निवासी गांव बिछोर, दाऊजी निवासी कोसी समेत 5 लोग लेंटर के मलबे में दब कर घायल हो गए।

# प्रभारी अधिकारी सचिव की अगुवाई में ग्राम पंचायत बगुलहवा में सम्पन्न हुआ चौपाल कार्यक्रम

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**





**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत बगुलहवा में गांव की समस्या गांव में समाधान करने हेतु शुक्रवार को चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी अधिकारी सचिव रामस्वरूप गुप्ता ने की। उन्होंने केन्द्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही ब्लॉक स्तरीय विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन, पीएम आवास योजना, मनरेगा योजना, व्यक्तिगत शौचालय आदि योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही शासन द्वारा चलायी जा रही गरीब कल्याण व अन्य लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी देते हुए उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। चौपाल कार्यक्रम में शामिल आरबीआई बैंक प्रतिनिधि सन्तोष कुमार शुक्ला, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से ब्लॉक ऑफिसर अमन शर्मा, ग्राम प्रधान सद्दाम हुसैन, रोजगार सेवक घनश्याम यादव, पंचायत सहायक रशीदा खातून, सफाई कर्मचारी इन्दल चौधरी, सुरेमन, सैयदा खातून, जोहरा खातून, महिबुल्ला, गुलहसन आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### भाकियू (टिकैत) में फिरोज कुरैशी और महबूब अब्बासी का स्वागत



**वेलकम इंडिया राजेंद्र**

**हापुड़।** नगर कार्यालय बुलंदशहर रोड, हापुड़ में आज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) में फिरोज कुरैशी और महबूब अब्बासी का संगठन में स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष इकबाल इदरीसी ने की।नगर अध्यक्ष ने कहा कि ह्लहापुड़ में टिकैत संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाना हम सभी का मुख्य उद्देश्य है।ह्व सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि संगठन किसान और मजदूरों के हित की लड़ाई हमेशा मजबूती के साथ लड़ता रहेगा।कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रमुख पदाधिकारी नगर अध्यक्षः इकबाल इदरीसी फिरोज कुरैशीवार्ड अध्यक्षः युसूफ कुरैशी नगर उपाध्यक्षः आरिफ कुरैशी संगठन मंत्रीः सहाए आलम नगर उपाध्यक्ष नगर सचिवः महबूब अब्बासी नगर सचिवः राजा वार्ड अध्यक्षः हकीम साथ ही संगठन के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### उप जिलाधिकारी सदर प्रतापगढ़ नैंसी सिंह ने बूथो का निरीक्षण किया



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रतापगढ़ शिव सहाय अवस्थी के निर्देशन मे उप जिला अधिकारी सदर प्रतापगढ़ नैंसी सिंह ने विधानसभा प्रतापगढ़ 248 के एस.आई. आर. कार्य की प्रगति का औचक निरीक्षण किया प्राथमिक विद्यालय सगरा एवं अन्य वूथो का औचक निरीक्षण किया उन्होंने पाया कि सगरा वूथ पर सभी बीएलओ बैठकर ऑनलाइन कार्य संपन्न कर रहे थे।ऑनलाइन फीडिंग का कार्य संतोष जनक पाया गया जिस पर वहां लगे बीएलओ एवं सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा एवं सहयोग कर रहे सभी स्टाफ की सराहना की और कहा कि आगे भी इसी प्रकार की गति से आप लोग कार्य करते रहें एस आई आर फॉर्म ऑनलाइन करते समय सावधानीपूर्वक ऑनलाइन करें यदि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो तत्काल हमें अवगत कराए। जिससे समय से एस आई आर का कार्य पूर्ण हो सके इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरते इसी उत्साह एवं लगन से आगे भी कार्य करते रहें जिस बूथ कि प्रगति धीमी रही वहां निर्देशित किया कि शाम तक अपनी प्रगति और बडाइए साथ में विधानसभा प्रतापगढ़ के बी. आर. सी. अरविंद मौजूद रहे।

### हर्ष फायरिंग में गोली लगने से एक की मौत खुशियां बदली मातम में कराई रिपोर्ट दर्ज



**बुलंदशहर।** थाना चोला क्षेत्र के ग्राम खानपुर में एक शादी समारोह के दौरान एक व्यक्ति सुग्रीव सौंलकी द्वारा अपने लाईसेंसी पिस्टल से हर्ष फायरिंग की । हर्ष फायरिंग के दौरान समारोह में एक व्यक्ति धर्मेन्द्र को गोली लग गयी। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार हेतु नोएडा स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। इस सम्बन्ध में परिजनों की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा अभियुक्त सुग्रीव सौलंकी की गिरफ्तारी व लाईसेंसी पिस्टल की बरामदगी हेतु पुलिस टीमे गठित की गयी है।

# किस्त रिकवरी एजेन्ट और ऋण धारक के बीच बहस का वीडियो वायरल

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के बगुलहवा में किस्त रिकवरी एजेन्ट और ऋण धारक के बीच बहस का वीडियो वायरल हो रहा है। आपको बता दें कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी (एनबीएफसी) के एजेन्टों का लोन धारकों से किस्त (एटक) की जबरिया वसूली के दौरान बहस होना आम बात है। बात तब बढ़ जाती है जब लोन धारक मुसीबत एवं आर्थिक संकट का हवाला देता है और वह लोन की किस्त देने में सक्षम नहीं होता अथवा कुछ और भी कारण हो सकते है। इन्हीं परिस्थितियों में लोन की ईएमआई रिकवरी एजेन्ट जब दबाव बनाने लगते हैं, कि हमको किस्त चाहिए तो चाहिए। ऐसी दशा में एजेन्ट और लोन धारक ने बीच बहस होना कोई नई बात नहीं है। जिसका विविध वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी देखा जा सकता है। ताजा मामला शोहरतगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत बगुलहवा का है। वसूली के लिए गांव में आये रिकावरी एजेन्टों के कतिथ हरकत के कारण चर्चा इस बात की उठी की रिकवरी एजेन्ट द्वारा लोन धारक महिला द्वारा ईएमआई (किस्त) नहीं दिये जाने पर उसके घर का दरवाजा तोड़ा जा रहा है और यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई। मामले की जानकारी के लिए जब महिला के घर जाकर सम्पर्क किया गया तो पता चला महिला द्वारा जब यह बताया गया कि वर्तमान समय में उसे आर्थिक संकट है और वह किस्त का पैसा दो दिन बाद देगी, लेकिन वसूली के लिए घर पर दबीश देने आये रिकवरी एजेन्ट से उसका बहस हो गया और बहस लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। वहीं जानकार बताते है कि एजेन्ट के एक साथी द्वारा घर का दरवाजा खोलने के दौरान दरवाजा हाथ से छूट गया और वह दीवाल में जोर से टकराया।

## ठगी का शिकार हुए पीड़ित ने थाने में पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**मथुरा/मगोर्रा।** प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष नामक युवक से धौलपुर जिला के रहने वाले राजू नामक युवक ने लोन कराने के नाम पर दो लाख रुपए के करीब की ठगी की है।पीड़ित व्यक्ति द्वारा बताया गया कि उसने अपने और अपने परिचितों को लोन पास कराने के नाम पर राजू नामक युवक को लाखो रुपए उसके बताए एकाउंट और केश पेमेंट दिया था।जब लोन पास नहीं हुआ तो पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ। पीड़ित ने एसएसपी के यहां पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पीड़ित युवक संतोष को गुरुवार की दोपहर को लोन कराने के नाम पर ठगी करने वाले राजू नामक व्यक्ति ने फोन पर पुलिस कार्यवाही को रोकने की बात कही।नहीं तो गोली मारने की बात बोली।पीड़ित घबराकर थाना मगोर्रा पहुंचा और उस ठग के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# साई पालकी यात्रा निकली, भंडारा आज

**वेलकम इंडिया**



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** ठटरा गांव (कछवांरोड) स्थित ओम साई राम मंदिर के तीसरे स्थापना दिवस पर शुक्रवार को भक्तजनों द्वारा साई पालकी यात्रा निकाली गई।म्यूजिक सिस्टम संग निकली साई बाबा की प्रतिमा को कछवांरोड से लगायत छतेरी तक भ्रमण कराया गया।फूल-मालाओं व विद्युत लाइटों से मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं।मंदिर पर शनिवार को महाप्रसाद वितरण हेतु वृहद भंडारा का आयोजन किया गया हैं।

साई पालकी यात्रा में बाबूनन्दन मौर्या, धर्मेश मौर्या, संजय मौर्या, विनोद, सुरेंद्र, महेश, बरसाती, अतुल समेत अन्य भक्तजन शामिल रहे।

# समय का सदुपयोग, लक्ष्य निर्धारण और दृढ़ संकल्प से मिलती है सफलता : शिक्षाविद् डॉ वीरेंद्र मिश्रा




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** श्री गुरु कार्ष्णि इंटर कॉलेज महावन में आयोजित ह्यसुबह सवेरा कार्यक्रमह्व के दौरान मुख्य अतिथि शिक्षाविद डॉक्टर वीरेंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।अपने संबोधन में डॉक्टर मिश्रा ने विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या, स्वच्छता, अनुशासन, अध्ययन में निरंतरता तथा नैतिक मूल्यों के पालन पर विशेष बल दिया।

उन्होंने कहा कि दैनिक प्रार्थना, व्यायाम और ध्यान से मन एकाग्र होता है तथा विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए समय का सदुपयोग, लक्ष्य निर्धारण और दृढ़ संकल्प सबसे आवश्यक हैं। डॉक्टर मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण, विद्यालय परिसर की स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की भी अपील की। मुख्य अतिथि ने विद्यालय द्वारा चलाए जा रहे सुबह सवेरा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी पहलें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार मिश्र ने कार्यक्रम में आए हुए समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक विश्वजय सिह तथा श्रीनिवास शर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गयाह्व इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी विनोद ,जगदीश, चंद्रपाल सिंह, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य शिवकुमार निगम, संजय वर्मा, विनोद कुमार शुक्ल, डॉक्टर राकेश राही, विश्वजय सिंह , दिमान सिंह ,संग्राम सिंह , अंजलि वर्मा, पारस दीक्षित ,चतुर शिरोमणि शर्मा, प्रशांत ,करन ,प्रीति पांडे, टीना दीक्षित कसक पाराशर ,कैलाश, विपिन एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बागडपुर गौशाला में भारी लापरवाही का आरोप, दो दिन से मृत पड़े गोवंश का नहीं हुआ अंतिम संस्कार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर।** हापुड़ जिलाध्यक्ष मोहित चौधरी ने पशुपालन विभाग और ब्लॉक प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में गौशालाओं की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि बागडपुर गौशाला में हालात इतने खराब हैं कि दो दिन से मृत पड़े गोवंश का अब तक अंतिम संस्कार तक नहीं हो पाया, जो प्रशासनिक उदासीनता का बड़ा उदाहरण है।मोहित चौधरी ने कहा कि वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार बनी, तो उसकी प्राथमिकताओं में सबसे अहम कार्य गायों और गोवंशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। इसके लिए सरकार ने न केवल कड़े नियम बनाए, बल्कि भारी-भरकम बजट भी जारी किया, ताकि गौशालाओं में किसी प्रकार की आर्थिक कमी न रहे।

लेकिन इसके बावजूद, जनपद हापुड़ की गौशालाओं की स्थिति बदहाल है। उन्होंने बताया कि जब सामाजिक कार्यकर्ता व गोसेवक घायल व निराश्रित गोवंश को उपचार के लिए गौशाला भेजते हैं, तो ग्राम प्रधान और गौशाला कर्मचारी दो दिन बाद ही उन गोवंशों को वापस गौशाला से बाहर छोड़ देते हैं, जो बेहद अमानवीय है।

बागडपुर गौशाला में चारा, पानी, साफ-सफाई, और केयर टेकरों के वेतन जैसी मूल सुविधाएँ सिर्फ कागजों में ही चल रही हैं, जबकि मौके पर व्यवस्थाएँ पूरी तरह चरमराई हुई हैं। चौधरी ने आरोप लगाया कि यहां सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है और वास्तविक देखभाल के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।

जिलाध्यक्ष मोहित चौधरी ने हापुड़ जिलाधिकारी महोदय से अविलंब कार्रवाई की मांग की।

# भारतीय संस्कार व संस्कृति का संवर्धन बहुत जरूरी : प्रो.ऋचा

**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद कछवारोड़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, संस्कार भारती एवं संस्कार भारती विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को घमहापुर स्थित इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्ट्स के सभागार में मासिक श्रृंखला 'नाद यात्रा' का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीएचयू महिला महाविद्यालय संगीत विभाग की प्रो.ऋचा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ की।उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कार व संस्कृति का संवर्धन बहुत जरूरी हैं।

नाद यात्रा के कार्यक्रम में बीएचयू की कनिष्का अग्रहरि ने कृष्ण भगवान के हंसते चेहरे व भक्ति पर तेलंगाना भरत नाट्यम, शोध छात्र रूपम बसक व हर्षित उपाध्याय ने गायन, ललित कुमार ने तबला एवं पं.राजेश गौतम ने बांसुरी वादन की शानदार प्रस्तुति की।वंदे मातृ भूमि वंदे के गीत बजे।छात्र-छात्राओं के तालियों की तड़तड़ाहट से सभागार गूंज उठा।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डा.हरेंद्र राय ने ऑपरेशन सिंदूर पर रंगोली बनाने वाली संस्थान की दो छात्राओं आंचल चौधरी व निहारिका प्रधान को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।संस्थान के डा.अनिल कुमार सिंह ने अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर स्वागत एवं संचालन इंस्टीट्यूट आफ फाइन आर्टस के डायरेक्टर डा.अवधेश कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डा.रामवीर शर्मा ने किया।

इस अवसर पर संस्कार भारती दीपक शर्मा, प्रमोद पाठक, दिनेश श्रीवास्तव, सुशांत सिंह, सेवानिवृत्त फौजी प्रदीप सिंह, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू', विनीता, धनेश समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।



# भिटालगांव में घायल जंगली बिल्ली के बच्चे को लोगों ने समझा गुलदार का बच्चा

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय के भिटालगांव में शुक्रवार की शाम को एक जंगली बिल्ली के घायल बच्चे को लोगों ने गुलदार का बच्चा समझ लिया।देखते ही देखते वहां लोगो का जमावड़ा लग गया।तभी पहाड़ी से गिरकर घायल हुए जंगली बिल्ली के बच्चे पर भिटालगांव निवासी एक महिला की नजर पड़ी।महिला ने बिना डरे उसे पकड़कर अपनी दुकान में रख लिया। आसपास के लोगों ने उसे गुलदार का बच्चा समझ लिया। देखते ही वहां लोगों की भीड़ लगने लगी। महिला ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। घायल बिल्ली के बच्चे को ले गई।

भिटालगांव निवासी रजनी बिष्ट ने बताया कि करीब चार बजे पहाड़ी से गिरकर गुलदार का बच्चा नीचे आ गया। उसने उसे अपनी दुकान में रखा। इसकी सूचना वन विभाग को दी। इस दौरान उसे दूध आदि पिलाया। गुलदार के बच्चे की सूचना होने पर आस-पास के लोगों की वहां भीड़ लग गई।

रजनी ने बताया कि क्षेत्र में कई दिनों से गुलदार का आतंक बना है। वह रोजाना कुत्तों को निवाला बना रहा है। उन्होंने लोगों से अकेले बाहर नहीं निकलने तथा बच्चों को अकेले ट्यूटन आदि नहीं भेजने की अपील की। एक घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसे ले गई। रेंजर केएन पांडेय ने बताया कि घायल जंगली बिल्ली का बच्चा है। वह घायल है। उसे प्राकृतिक आवास में छोड़ा जाएगा।

# वेन्यू बोर्ड के चेयरमैन से लखनऊ में मिले वकील, दो दर्जन अधिवक्ताओं की शिकायत पर डीएम को दिए निर्देश

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** प्रशासनिक न्यायाधिकारियों की अनियमितता के विरोध में 20 अधिवक्ताओं का दल शुक्रवार को रेवेन्यू बोर्ड के अध्यक्ष अनिल कुमार आईएएस से लखनऊ में मिला। उन्होंने 3 घंटे करीब अधिवक्ताओं से विस्तृत वार्ता की। साथ ही शिकायत पर गंभीरता पूर्वक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि वर्ड ऑफ रेवेनुए के अध्यक्ष ने तकरीबन 3 घंटे तक शिकायत और उससे जुड़े बिंदुओं का विस्तृत परीक्षण किया। अधिवक्ताओं का आरोप था कि प्रशासनिक न्यायाधिकारी 3 से 5 साल पुराने वादों का बगैर शख्स के निस्तारित करने लगे हैं।

धारा 24 धारा 32 धारा 38 आदि के वादों को सालों से अटकाए रहने व फर्जी निस्तारण करने के आदी बन चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक न्यायालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा भी रखा। जिलाधिकारी से कई दौर की वाताओं के बाद भी कोई हल निकालने पर भी उन्होंने चिंता जाहिर की। पिछले 6 महीने से बादकारियों को सिर्फ नो वर्क और तारीख ही मिल रही हैं। कई हजार मुकदमे इसके चलते अटके पड़े हैं।

सरकारी मातहत नियम कानून को ताक पर रखकर भूमाफियाओं के हक में काम करने के आदी हो चुके हैं।

अधिकारियों द्वारा बरती जा रही है अनियमितताओं का चिट्ठा देखते ही चेयरमैन ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि जब तक आप मथुरा पहुंचेंगे तब तक आपको एक्शन नजर आएगा।

वादकारी परेशान हैं। सरकारी मातहत भूमाफियाओं के हक में काम कर रहे हैं। आम आदमी परेशान हो रहा है। मुकदमों में संक्रमित निर्णय किए जा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कई दौर की वाताओं के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की। इसके चलते अधिवक्ताओं को लखनऊ जाना पड़ा। ऐसा कई सालों बाद हुआ है। हालात विशेष खराब होने की स्थिति में ही अधिवक्ता लखनऊ तक गए हैं। अब देखना यह है एक्शन क्या होता है।

## अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन की 6 दिसंबर को होगी बैठक

**शामली।** अम्मचोर कबड्डी एसोसिएशन की ओर से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन से जुड़े पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक में कबड्डी खेल को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने को लेकर आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत विमर्श किया गया।इस दौरान संगठन के अध्यक्ष मनीष चौहान ने कहा कबड्डी केवल खेल ही नहीं, बल्कि हमारे ग्रामीण जीवन की आत्मा है। हमारा लक्ष्य है कि जनपद के युवा प्रतिभाओं को मंच मिले, वे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें। एसोसिएशन हर स्तर पर खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने आगे बताया कि एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की अगली अहम बैठक 6 दिसंबर, शनिवार को जनपद स्थित ड्रीम सिटी के निकट आयोजित की जाएगी।

# केएम विश्वविद्यालय के एमबीबीएस 2025 बैच के छात्र-छात्राओं ने ज्वाइंन की पहली क्लास

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय के एनाटमी विभाग के तत्वावधान में आयोजित कैडवरिक शपथ ग्रहण सेरेमनी में एमबीबीएस बैच 2025 के छात्रों को शपथ दिलाई गई। सेरेमनी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने दीप प्रज्जवलन करके किया। इस मौके पर छात्रों ने अगले एक वर्ष तक अपनी पढ़ाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कैडवर को सम्मान दिया और पुष्प अर्पित किये साथ ही शपथ ली कि वे इस कैडर की गोपनीयता तथा आदर के साथ उपयोग अपने ज्ञानवर्धन के लिए करेंगे। कुलाधिपति किशन चौधरी ने सफलता का मूल मंत्र नियमित अध्ययन को बताते हुए कहा आप सभी ने कैडवरिक पर प्रायोगिक कार्य करने की पहली क्लास ज्वाइंन की है, कैडवर ही आपके प्रथम शिक्षक है, जिनसे आप मेडिकल शिक्षा की शुरूआत करेंगे। मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे ने एमबीबीएस छात्र-छात्राओं को चिकित्सा शिक्षा के प्रारंभिक चरण में मानवीय संवेदना, सम्मान और नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शरीर दाताओं के इस अमूल्य योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शरीर दाता समाज के सच्चे नायक हैं, जिनके योगदान से भविष्य के चिकित्सक मानवता की सेवा के लिए तैयार होते हैं।

एसोसिएट प्रोफेसर डा. हरि नारायण यादव ने एमबीबीएस प्रथम वर्ष छात्र-छात्राओं को स्वैच्छिक शरीर दान और शवों को कैसे संभालना है, इसके बारे में बताया साथ ही शवों के विच्छेदित करते समय विभिन्न एहतियाती उपायों पर भी प्रकाश डाला।

इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ पर विभागाध्यक्ष डा. वीरेन्द्र कुमार निम ने मुख्य अतिथि कुलाधिपति का स्वागत पटुका व शॉल उढ़ाकर किया। सेरेमनी कार्यक्रम में मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, एफएमटी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रो. डा. तारिक वली, एनाटमी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. पूजा पारिक, असिटेंट प्रो. डा. नंदीश, डा. दीपांश सक्सैना, जेआर/ट्यूटर डा. देवेन्द्र, डा. धीरज, डा. अमन, लैब इंचार्ज अमर सिंह, अटेंडेंट आकाश कुंतल सहित सैकड़ों की संख्या में एमबीबीएस बैच 2025 के छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

## सार संक्षेप

### एंबुलेंस सेवाओं को मिली रफ्तार: कोहरे में मरीजों तक तेजी से पहुंचेगी मदद



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर के सरकारी अस्पताल पर तैनात आरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस की ओर से संचालित 108 व 102 एंबुलेंसों में एंबुलेंस के कर्मचारियों ने नई हैवी फोकस बल्ब लाइट लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। कोहरे के बढ़ते प्रकोप और रात्रि के समय एंबुलेंस संचालन को सुगम बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है, ताकि मरीजों को सुरक्षित और समय पर अस्पतालों तक पहुंचाया जा सके।शुक्रवार को एम्बुलेंस सेवा के ऑपरेशन हेड रोचक चौहान तथा प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर ने नगर के सरकारी अस्पताल पर तैनात एंबुलेंस सेवाओं का औचक निरीक्षण कर एंबुलेंस कर्मियों को पूर्ण निष्ठा के साथ मरीजों और गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी एंबुलेंसों को हॉटस्पॉट पॉइंट पर तैनात रखने के निर्देश भी दिए, जिससे आपात स्थिति में मरीज तक कम समय में पहुंच सुनिश्चित हो सके।निरीक्षण के दौरान जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी, मंडल प्रभारी जवेंद्र सिंह, संदीप, कमल, नितिन, दिलशाद, नरदेव, रोहित, तौफीक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### सभासदों ने नगर पालिका परिषद पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप,जांच की मांग

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** नगर पालिका परिषद के सभासद अरुण कुमार गर्ग, अफजल अली सहित कई अन्य सभासदों ने पालिका प्रशासन पर गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की है। सभासदों ने अपने पत्र में कहा है कि नगरपालिका अधिनियम-1916 की धारा-86 में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रत्येक माह में कम से कम एक बोर्ड बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जानी चाहिए, लेकिन नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा मनमाने ढंग से कार्य करते हुए महीनों तक बोर्ड की बैठकें नहीं बुलाई गईं। इसके अलावा कई अन्य वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सभासदों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अजय कुमार ओझा ने मंडलायुक्त सहारनपुर को मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शासन के मामले संज्ञान लेने के बाद नगर पालिका कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। पूर्व में भी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सहित कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा चुके हैं कस्बा निवासी तनवीर अंसारी ने पूर्व में अपना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते कंई गंभीर आरोप लगाए थे, नगर पालिका परिषद के कर्मचारी व अध्यक्ष लगातार चचाओं में बने हुए हैं।

### नाबालिग से छेड़छाड़, पिता के साथ अभद्रता,दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव खन्द्रावली में एक नाबालिग से छेड़खानी और उसके पिता के साथ अभद्रता एवं गाली-गलौज करने के मामले में दो सगे भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी व्यक्ति के अनुसार, बुधवार शाम उसकी नाबालिग पुत्री गांव की दुकान से सामान लेकर लौट रही थी। रास्ते में गांव के ही राहुल ने उससे छेड़खानी की कोशिश की और बदसलूकी की। डरी-सहमी किशोरी रोते हुए घर पहुंची और पिता को घटना की जानकारी दी।इरोप है घटना से क्षुब्ध पिता अपनी बेटी के साथ आरोपी राहुल के घर समझाने पहुंचे, जहां राहुल का भाई प्रवेश मौजूद था। पिता द्वारा शिकायत करने पर प्रवेश भड़क उठा और पीड़ित के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की धमकी देने लगा। भयभीत होकर पीड़ित परिवार वहां से किसी तरह लौट आया।पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर दिए जाने के बाद पुलिस ने राहुल और उसके भाई प्रवेश के खिलाफ गाली-गलौज और धमकी से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस दोनों आरोपी भाइयों की तलाश में जुटी हुई है।

# मथुरा जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में बैठक ली

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में सदर तहसील के समस्त सुपरवाइजरों के साथ बैठक ली। जिलाधिकारी ने सदर तहसील के अंतर्गत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के संबंध में लगाए गए समस्त डिप्टी कलेक्टरों की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि सदर क्षेत्र में प्रति 50 बूथ में एक डिप्टी कलेक्टर की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने सदर क्षेत्र के समस्त सुपरवाइजरों को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में धीमी गति के लिए फटकार लगाई। मथुरा सदर में 49, छाता में 42, मांट में 44, गोवर्धन में 39 तथा बल्देव में 45 सुपरवाइजर है। जनपद में कुल 219 सुपरवाइजर है।

जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि आप सभी एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है, आप सभी सुपरवाइजर अपने-अपने बीएलओ से निरंतर संपर्क करे और कार्यों में तेजी लाएं। आप सभी सुपरवाइजर अपने-अपने बीएलओ को प्रोत्साहित करे। जिलाधिकारी ने सुपरवाइजरों को कहा आप लोगों के सहयोग से बीएलओ को बल मिलता है। आपके सहयोग से सुगमता के साथ उक्त कार्य ससमय पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ युद्ध स्तर पर कार्य करे। घर-घर जाकर फॉर्म कलेक्ट / एकत्रित करे। उन्होंने कहा कि सभी को एक्टिवेट करते हुए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में तत्परता के साथ कार्य कराए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी फॉर्म की फीडिंग / डिजिटाइजेशन को तेजी से कराए तथा कार्य को ससमय पूर्ण कराए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार, ऊषा सिंह, नरेंद्र यादव, दीपिका मेहर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने पुतले के अंतिम संस्कार करने वाले दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ममनोज कुमार बालियान की पुलिस टीम ने ब्रजघाट के श्मशान में डमी पुतले के अंतिम संस्कार करने का मामला। कल की घटना के बाद गढ़ नगर पालिका बेहद गंभीर। अब अंतिम संस्कार करने आए शव का आधार कार्ड से मिलाया जाएगा चेहरा।तब होगा शव का अंतिम संस्कार। मृतक के शव के साथ रिश्तेदारों की पहचान भी होनी अनिवार्य। 50 लाख रुपए के बीमा क्लेम के लिए जिंदा युवक को मृतक दिखाकर डमी पुतले का कर रहे थे अंतिम संस्कार। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया था।वेलकम इंडिया की ब्रेकिंग न्यूज ने कल प्रमुखता से ग्राउंड जीरो से दिखाई थी।वेलकम इंडिया के कैमरे पर क्या बोले नगर पालिका कर्मचारी व अंतिम संस्कार करने आए लोग। गढ़ कोतवाली क्षेत्र के तीर्थ नगरी बृजघाट का मामला। इनके कब्जे से आई20 कार भी बरामद की हैं।

## मिशन शक्ति अभियान में पुलिस टीम ने महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक



वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** शुक्रवार को नगर में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस टीम ने जागरूकता अभियान चलाया। उप निरीक्षक सुनील दत्त तथा महिला कांस्टेबल की अगुवाई में पुलिस दल ने बालिकाओं, छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देकर उन्हें सतर्क रहने का संदेश दिया।

पुलिस टीम ने नगर के प्रमुख स्थानो,विभिन्न चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, अस्पताल, बैंक तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पहुँचकर महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, चाइल्ड हेल्पलाइन, डायल 112, 1090, 181 जैसी जरूरी सेवाओं की जानकारी दी। टीम ने मार्गदर्शन करते हुए बताया कि किसी भी संकट की स्थिति में तुरंत इन नंबरों पर सहायता प्राप्त की जा सकती है।इसके साथ ही छात्राओं और महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया सुरक्षा, तथा मातृ सुरक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तार से समझाया गया। पुलिस टीम ने सभी को पंपलेट वितरित कर मिशन शक्ति के उद्देश्यों से अवगत कराया और कहा कि महिला सुरक्षा सरकार व पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था हो सुदृढ़ : डीएम

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शुक्रवार को धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर संबंधित विभागों के साथ बैठक की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैजनाथ मंदिर परिसर, बागनाथ मंदिर तथा कोट भ्रामरी मंदिर में संभावित भीड़ नियंत्रण एवं भगदड़ जैसी स्थितियों से बचाव के लिए पुलिस विभाग को भीड़ प्रबंधन संबंधी विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने मुख्य धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाने और सुरक्षा बलों की तैनाती और निगरानी के निर्देश दिए, ताकि सुरक्षा एवं जनसुरक्षा की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। कोंडे ने कहा कि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागीय अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी सावधानियों एवं व्यवस्थाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इसके साथ ही पुरातत्व विभाग को 20 दिसंबर तक मूर्ति संग्रहालय का निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं सभी संबंधित एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों के महत्वपूर्ण स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल एसडीएम प्रियंका रानी, एसडीएम ललित मोहन तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवक संदिग्ध परिस्थिति में लापता, बरामदगी की लगाई गुहार

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने लापता युवक की अनहोनी की आशंका जाहिर कर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तालाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 28 वर्षीय बेटा पिंकू पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। विगत बुधवार की रात वह घर पर मौजूद था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य एक शादी समारोह में गए हुए थे।जब देर रात परिवार के लोग वापस लौटे, तो पिंकू घर पर नहीं मिला। रिश्तेदारी और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की गई, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लगा। परिजन किसी अनहोनी की आशंका जाहिर की है और कहा है की खोजबीन के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लगा। लापता युवक के पिता ने शुक्रवार को थाने पहुंचे और युवक की जल्द बरामदगी की मांग करते हुए तहरीर दी।

## ओवरलोड गन्ना ट्रकों ने बढ़ाई राहगीरों की मुश्किलें, कार्रवाई की मांग

वेलकम इंडिया



**कांधला।** नगर से होकर गुजरने वाले ओवरलोड गन्ना ट्रक लोगों के लिए लगातार परेशानी का सबब बने हुए हैं। भीड़भाड़ वाले मार्गों से रफ्तार में निकल रहे ये भारी वाहन सड़क हादसों को आमंत्रण दे रहे हैं। पूर्व में भी कई बार गन्ने से भरे ट्रकों के पलटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें क्षेत्र में जनहानि तक हो चुकी है। इसके बावजूद ट्रक चालक नियमों को दरकिनार कर बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

कस्बे के लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन इन ओवरलोड वाहनों को देखकर भी अनदेखा कर रहा है। यातायात माह होने के बावजूद गन्ना ट्रक खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जनपद के उच्च अधिकारियों से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि समय रहते इन ट्रकों पर लगाम न लगाई गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। कस्बे के लोगों ने पुलिस महकमे सहित जिला प्रशासन से ओवरलोड ट्रकों की जांच, कर चालान और अन्य मार्गों की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

# मैग्नेसाइट कर्मियों को नही मिला लंबित वेतन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** अपनी लंबित मांगों को लेकर अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री के कर्मचारियों द्वारा पूर्व में 26 नवंबर तक हर हाल में सभी कर्मियों को अवशेष वेतन का भुकतान करने का आश्वासन मिलने के बाद फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों को अवशेष वेतन का भुकतान नही मिलने से अब कर्मचारी क्रमिक अनशन कर अपना विरोध जताने लगे हैं।कर्मियों ने फैक्ट्री को नित ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु प्रबंधन द्वारा मिले आदेश के अनुसार कड़ी मेहनत कर लगातार अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी में काम करने, और काम के एवज में समय से वेतन नही मिलने, पूर्व में फेक्ट्री प्रबंधन में कुछ लोगों की तानाशाही के चलते कर्मियों को वेतन सहित अन्य भुकतान सम्बन्धी कार्यो के लिए परेशान किए जाने और चंद लोगों के इशारों पर कार्य होने के आरोप लगाते हुए विरोध जताने वालो को जबरन परेशान किए जाने, साथ ही वेतन, ग्रेज्युटी, भविष्यनिधि खातों से घर के संचालन हेतु पैसा निकालकर अपने घरों के आवश्यकीय कार्य करने की बात कहते हुए वेतन के लिए तरसाने के आरोप लगाए है।क्रमिक अनशन के दूसरे दिन भी कर्मी धरने में डटे रहे। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को अमली जामा नहीं पहनाया जाता तब तक वह चुप नहीं रहेंगे। वक्ताओं ने फैक्ट्री प्रबंधन पर भी उपेक्षा का आरोप लगाया है। कलक्ट्रेट में दूसरे दिन कार्मिक अनशन पर दीवान जनौटी, प्रेम सिंह जनौटी, राकेश कुमार तथा अशोक कुमार बैठे। यहां क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत ने आंदोलित कर्मियों को अपना समर्थन देते हुए उनकी मांगों को जायज ठहराया।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख औद्योगिक इकाई से सैकड़ो लोगों को रोजगार मिलता है, दिन रात कर्मी ईमानदारी पूर्वक समयबद्ध होकर अपनी ड्यूटी करते हैं।पर कुछ समय से फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा कर्मियों के हितों की अनदेखी की गई है।कर्मियों द्वारा समय से वेतन नही मिलने, कतिपय कर्मियों को ही तबज्जो दिए जाने, और अन्य कर्मियों को वेतन के लिए परेशान किए जाने को उन्होंने कतई बर्दाश्त नही किए जाने की बात कहते हुए कर्मियों को अपने हितों के लिए एकजुट होकर आंदोलन करने और हर समय उनके हितों के लिए समर्थन देने की बात कही। वही कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के साथ कांग्रेसी नेताओं ने भी कर्मियों के धरने को अपना समर्थन दिया।

# एसआई आर फार्म भरने में लोग ले रहे रुचि

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** नगरपंचायत कार्यालय में चेयरमैन अनवरी बेगम की अध्यक्षता व अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह की देख रेख में एसाईआर के लिये लगे कैम्प में सभासदों व कर्मचारियों के द्वारा लोगों के फार्म भरने के साथ ही उनके डाटा तेजी से फीड किये जारहे हैं।जिसके लिये लोगों में काफी रुचि देखी जारही है।शुक्रवार को एसडीएम सदर अरुण कुमार बर्मा द्वारा नगर में स्थित विभिन्न बूथों पर पहुंचकर एसाईआर के लिये भरे जारहे फार्म व उनकी फीडिंग किये जाने के बारे में जानकारी हासिल की।साथ ही उन्होंने बीएलओ व नगरपंचायत कर्मचारियों के कार्यो की सराहना की।उन्होंने कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश भी दिये।

एसडीएम सदर अरुण कुमार बर्मा ने बताया कि वे बराबर खलीलाबाद क्षेत्र में भृमण कर एसाईआर फार्म भरे जाने की प्रगति रिपोर्ट लेरहे हैं।मगहर में एसाईआर फार्म भरने के लिये लोगों में उत्साह देखा जारहा है।इसके लिये उन्होंने इस कार्य मे लगे बीएलओ के कार्यो की सराहना करते हुये कार्यों में और प्रगति लाने की बात कही।वे नगरप्रशासन के कर्मचारियों के कार्यो की भी सराहना की।साथ ही कहा अगर कहीं किसी को दिक्कत आती है तो वे निःसंकोच उन्हें बता सकते हैं।सभासद अवधेश सिंह ने बताया कि नगर में लोगों को एसाईआर फार्म भरने के लिये नगरपंचायत प्रशासन बराबर प्रेरित करने के साथ ही सभी सभासद/सभासद प्रतिनिधियों के द्वारा उनके घर जाकर फार्म भरवाने में बराबर मदद कररहा है।उनका कहना है कि एक भी मतदाता एसाईआर फार्म भरने से छूट न जाये इसके लिये बराबर लोगों से सम्पर्क किया जारहा है।आज उन्होंने भी अपना तथा पूरे परिवार का एसाईआर फार्म भरकर सम्बंधित बीएलओ को सौंपा।अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह ने बताया कि नगर में एससईआर फार्म भरने के लिये उत्साह को देखते हुये नगरप्रशासन द्वारा कार्यालय में कैम्प खोलकर देर शाम तक लोगों के फार्म भरने की मदद करने के साथ ही उनकी डाटा फीडिंग भी की जारही है।शुक्रवार को नगर में अबतक कुल 8104 एसआई आर फार्म52%की फीडिंग होचुकी है।नगर भृमण कर विभिन्न बूथों पर पहुंचकर कार्य की प्रगति भी देखी जारही है।नगर चेयरमैन अनवरी बेगम ने नगर वासियों से अपील की है कि जिनके एसआई आर फार्म अबतक नहीं भरे गये हैं वे नगरपंचायत कार्यालय से सम्पर्क करलें। इस मौके पर सदर एसडीएम विजय कुमार,पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी,अधिशासी अधिकारी वैभव सिंह,कानूनगो अर्जुन पाठक,सभासद अवधेश सिंह,अहमद आलम जेई,अहमद अली,चंदन सैनी,अतुल श्रीवास्तव, अमीर कादरी,सुहेल अख्तर,लिपिक संजय दूबे, विशाल सिंह,विशाल बर्मा, अजय सिंह बर्मा आदि मौजूद रहे।

## एशिया में बढ़ी भारत की ताकत, एशिया पावर इंडेक्स में पहली बार मेजर पावर बना भारत

**वाराणसी।** भारत ने एशिया में अपनी रणनीतिक और आर्थिक स्थिति को पहले से कहीं अधिक मजबूत करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है ऑस्ट्रेलिया के प्रतिष्ठित थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट द्वारा जारी एशिया पावर इंडेक्स 2025 में भारत को 27 देशों में से तीसरा स्थान मिला है यह पहला अवसर है जब भारत ने 40 अंकों की सीमा पार कर आधिकारिक रूप से ह्लमेजर पावरह्व की श्रेणी में प्रवेश किया है लोवी इंस्टीट्यूट के अनुसार,40 या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले देश को मेजर पावर माना जाता है भारत इस रेखा को पार करने में सफल रहा है जो उसकी बढ़ती सैन्य क्षमता,आर्थिक मजबूती और वैश्विक प्रभाव का प्रमाण है ।

# लखीमपुर के शायर डॉक्टर अखलाक का दिल्ली मनाएगी जश्न


वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम



**लखीमपुर खीरी।** दशकों से शेरो शायरी के जरिए लोगों की धड़कन बने डॉ0 अखलाक के सम्मान में दिल्ली में जश्ने डॉ0 अखलाक मनाया जाएगा, जिसमें पूरे हिंदुस्तान के शायर और तमाम बुद्धजीवी शामिल होंगे।

दिल्ली के नागलोई मेट्रो स्टेशन के निकट सुरभि स्टूडियो में होने वाले इस सम्मान समारोह के मौके पर ऑल इंडिया मुशायरा भी आयोजित किया गया है। अगर डॉ0 अखलाक की बात करे तो उनका जन्म 1972 में यूपी के सीतापुर ज़िले के हरगांव कस्बे के पास इस्माईलपुर में हुआ। उन्होंने सन 1995 में शायरी की दुनिया में कदम रखा और वह शुरूआत से ही अपने शे'रों में जिद्दत की राह चुनी, जिससे उनकी शायरी खास-ओ-आम में मकबूल होने लगी। सन 2004 में उन्होंने लखीमपुर में सुकूनत अख्तियार की अदबी सफर नशिस्तों,मुशायरों से शुरू होकर आकाशवाणी लखनऊ, दूरदर्शन लखनऊ और दूरदर्शन दिल्ली तक पहुंचा। उन्होंने न सिर्फ गजल बल्कि नज्म, कतआत, नात पाक, हम्द, रूबाई और अफसाना निगारी में भी अपने कलम के जौहर दिखाए हैं। उनका पहला शे'री मजमुआ ₹संदल₹ सन 2015 में फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी लखनऊ, की माली इमदाद से छपा सन 2023 में दूसरी किताब ₹मुट्ठी भर सूरज₹ को भी फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी ने इमदाद दी।तीसरा मजमुआ ₹जखमदान₹ जल्द ही मंजर-ए-आम पर आने वाला है। 30 नवंबर 2025 को उर्दू अकादमी दिल्ली की माली इमदाद से, भारतीय महिला विकास समिति देहली डॉक्टर अखलाक का जश्न ₹अदब की रोशनी में जश्ने डॉक्टर अखलाक₹ उनवान से मनाने जा रही है, जिससे लखीमपुर की अदबी माहौल में खुशी की लहर है। इस जश्न के मौके पर डॉक्टर ख़्वाजा सैयद हादी-उल-जीलानी ने कहा कि- ये खबर दिल को बेहद मसर्रत, इत्मीनान और सआदत का अहसास अता कर रही है कि डॉक्टर अखलाक साहब की अदबी और इल्मी खिदमात के एतराफ में दिल्ली जैसे अजीम, जाजिबे नजर और अदबी शान रखने वाले शहर में निहायत पुर वकार और तारीखी नौइयत की तकरीब ₹जश्ने डॉक्टर अखलाक₹ मुनक्कद्दि की जा रही है।

# मंडलायुक्त ने गंजारी स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने गंजारी स्थित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निमार्णाधीन कार्यों का निरीक्षण करते हुए वर्तमान प्रगति का जायजा लिया निरीक्षण के दौरान बताया गया कि परियोजना का 75 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है बारिश के वजह से रुके कार्यों को शुरू किया जा चुका है जिसको आगामी मार्च- अप्रैल के मध्य तक पूरा कर लिया जायेगा मंडलायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में आ रही चुनौतियों और बाधाओं की भी जानकारी ली गयी तथा उक्त के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए ।

मंडलायुक्त द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को जोड़ने हेतु मार्गों हरसोस, सुईचक,गंगापुर मार्ग, रोहनियां,गंगापुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति का भी निरीक्षण किया जिसके संबंध में अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1,लो०नि०वि०,आशुतोष कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि हरसोस,सुईचक,गंगापुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य चैनेज 0.00 से 0.700 एवं 1.700 से 3.050 तक मार्ग की 7.00 मीटर बिटुमिनस चौड़ाई के साथ दोनों ओर 2-2 मीटर केसी ड्रेन एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स का प्रावधान है जिसके लिए कुल 12.00 मीटर भूमि आवश्यक होगी पूर्व में चैनेज 0.700 से 1.700 तक सर्विस रोड का प्रावधान था जिस हेतु 30.00 मी0 चौड़ाई में भूमि की आवश्यकता थी किन्तु वर्तमान में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक पार्किंग स्थल प्रस्तावित होने से सम्पूर्ण मार्ग चैनेज 0.000 से 3.050 किमी तक एकसमान दो लेन में निर्माण किया जाना औचित्यपूर्ण होगा।

निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर चौड़ीकरण कार्य शेष पाया गया जिसे तत्काल पूर्ण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया जाता है।

रोहनियां से गंगापुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य के सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि रोहनियां गंगापुर मार्ग की कुल लम्बाई 5.680 किमी है जिसका दो-लेन में चौड़ीकरण प्रस्तावित है निरीक्षण में पाया गया कि ऊइट (घने बिटुमिनस मैकाडम) कार्य पूर्ण हो चुका है दो स्थानों पर उउ (कंक्रीट सीमेंट) कार्य प्रगति पर है तथा इउ (बिटुमिनस कंक्रीट) कार्य शेष है अधिशासी अभियन्ता को इउ कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये जाते हैं। निरीक्षण के दौरान स्टेडियम से जुड़े कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी,लोकनिर्माण समेत सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) की महिला पदाधिकारियों ने वाराणसी में केक काटकर मनाया पच्चीसवां स्थापना दिवस



वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** लोक जनशक्ति पार्टी की वाराणसी जिलाध्यक्ष आरती राय के नेतृत्व में महिला पदाधिकारियों के द्वारा 28 नवम्बर शुक्रवार को बीएचयू विश्वनाथ मंदिर दर्शन एवं पिकनिक का आयोजन किया गया जहाँ सभी महिला पदाधिकारियों के द्वारा लोजपा पार्टी (रामविलास) के पच्चीसवां स्थापना दिवस को धूमधाम से मनाया गया उक्त अवसर पर वाराणसी जिलाध्यक्ष आरती राय के द्वारा केक काटा गया जिसके बाद सभी लोगों को मुँह मीठा कराकर पार्टी के पच्चीसवां स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को दी बधाई लोक जन शक्ति पार्टी (राम विलास) के पच्चीसवां स्थापना दिवस पर पार्टी की वरिष्ठ महिला पदाधिकारियों के द्वारा मुँह मीठा कराया जिसके बाद बीएचयू विश्वनाथ मंदिर परिसर में पिकनिक मनाया गया।

उक्त अवसर पर आरती राय जिलाध्यक्ष वाराणसी लोजपा पार्टी,प्रीति उपाध्याय प्रदेश अध्यक्ष लोजपा,सीमा सिंह प्रदेश प्रधान महा सचिव,सोनी जायसवाल प्रदेश सचिव, शारदा त्रिवेदी मंडल अध्यक्ष,शशिकला महानगर अध्यक्ष, गुड़िया रस्तोगी महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष,गंगा यादव जिला महासचिव राधीका सेठ,प्रतिभा अग्रवाल सहित वाराणसी की महिला पदाधिकारियों की टीम उपस्थित रहीं।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में शकुंतलम भारत थीम पर दूसरा वार्षिक उत्सव भव्य रूप से संपन्न

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह




हापुड़। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में आज दूसरा वार्षिक उत्सव शकुंतलम भारत थीम के साथ बड़े ही उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। भारतीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा के समन्वय पर आधारित इस अनूठी थीम ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया।कार्यक्रम में 900 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे जगद्गुरु महामंडलेश्वर प्रेमानंद महाराज ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक ने स्कूल के छह सफल वर्षों की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। वहीं चेयरमैन राकेश सिंघल ने सभी विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल और सेक्रेटरी डॉ. रोहन सिंघल ने सभी अभिभावकों का निरंतर विश्वास एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा छात्रों द्वारा मंचित शकुंतलम नाटक, जिसकी भावनात्मक प्रस्तुति ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं।इसके अलावा ₹ऑपरेशन सिंधुर₹ पर आधारित देशभक्ति प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों में देशप्रेम की भावना जगाई और जोरदार तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी।विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। बच्चों की प्रतिभा, शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से यह वार्षिक उत्सव एक यादगार और प्रेरणादायी आयोजन साबित हुआ।खटर वर्ल्ड स्कूल परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का हृदय से धन्यवाद किया।

# नगर आयुक्त ने वरुणापार जोन के विभिन्न वार्डों का किया विस्तृत निरीक्षण

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा वरुणापार जोन के अंतर्गत नारायणपुर एवं तरना वार्ड का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कचरा प्रबांधन,अतिक्रमण,स्ट्रीट लाइट,सार्वजनिक शौचालय,नाला सफाई,पेयजल आपूर्ति,तालाब एवं कुवें आदि सभी प्रमुख कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण में निर्देशित किया गया कि प्रत्येक वार्ड की दैनिक सफाई रिपोर्ट समय पर उपलब्ध कराई जाए स्ट्रीट लाइटों की खराबी के समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें नाले,नालियों की सफाई में लापरवाही न हो पेयजल पाइपलाइन में लीकेज एवं अवरोध की शिकायतें मिलने पर 24 घंटे के भीतर निस्तारण अनिवार्य रूप से किया जाय निर्देशित किया गया कि अतिक्रमण प्रभावित स्थानों का सर्वे कर नियमित कार्रवाई की जाए नगर आयुक्त द्वारा तालाबों, कुओं व अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण-सफाई कार्य नियमित रूप से करने के निर्देश दिये गये।

नगर आयुक्त ने निरीक्षण के समय उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित वरिष्ठ अधिकारी स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें तथा किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल फील्ड में जाकर समाधान करें नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने नागरिकों से अपील की है कि उनके घरों से निकलने वाले कूड़े को निर्धारित वाहनों/डस्टबिन में ही दें,सड़क एवं नालियों में न फेंकें,स्ट्रीट लाइट संबंधी शिकायतें तत्काल नगर निगम के कन्ट्रोल रूम में स्थित टोल फ्री नम्बर 1533 पर दर्ज कराएँ,सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें ।

# भारत में कार्डियोटोकोग्राफ (सीटीजी) की फिज़ियोलॉजिकल व्याख्या के ज्ञान के प्रसार में बीएचयू की प्रसूति टीम अग्रणी भूमिका निभा रही है

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** कार्डियोटोकोग्राफ (सीटीजी) का उपयोग प्रसव के दौरान गर्भाशय संकुचन के प्रति भ्रूण की हृदय गति में होने वाले परिवर्तनों को रिकॉर्ड करने के लिए किया जाता है ताकि समय रहते उन भ्रूणों की पहचान की जा सके जिन्हें ऑक्सीजन की कमी के कारण होने वाली मस्तिष्क क्षति और प्रसवकालीन मृत्यु से बचाने के लिए त्वरित हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है हालांकि,भ्रूण की हृदय गति में देखे गए परिवर्तनों की गलत व्याख्या से प्रसवकालीन मस्तिष्क क्षति, प्रसव के दौरान या जन्म के बाद नवजात की मृत्यु हो सकती हैं इसके विपरीत, सामान्य भ्रूणीय तनाव प्रतिक्रियाओं पर अनावश्यक प्रतिक्रिया देने से अनावश्यक आपातकालीन सिजेरियन सेक्शन, फोर्सेप्स या वैक्यूम प्रसव हो सकते हैं जिससे प्रसवोत्तर रक्तस्राव, संक्रमण (सीप्सिस),शिरापरक थ्रोम्बोएम्बोलिज्म जैसी जटिलताएँ तथा अगली गर्भावस्थाओं में गर्भाशय फटने और प्लेसेंटा एक्रीटा स्पेक्ट्रम जैसी समस्याएँ उत्पन्न हो सकती हैं

बीएचयू की प्रसूति टीम साक्ष्य आधारित नैदानिक अभ्यास और व्यक्तिगत देखभाल के सिद्धांतों का पालन करते हुए माताओं और शिशुओं की देखभाल में सुधार पर केंद्रित है टीम बीएचयू,ग्लोबल एकेडमी ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग,लंदन के निदेशक के साथ सहयोग कर रही है जिन्होंने 2006 में सीटीजी की फिज़ियोलॉजिकल व्याख्या की अवधारणा की शुरूआत की थी ताकि भारत में इस ज्ञान का प्रसार किया जा सके और माताओं व शिशुओं को अनावश्यक हानि से बचाया जा सके इसके लिए एक दो दिवसीय,इंटरैक्टिव, एडवांस्ड फिज़ियोलॉजिकल सीटीजी मास्टरक्लास आयोजित की जा रही है जिसका उद्देश्य मातृ और नवजात परिणामों का अनुकूलन करना है बीएचयू भारत का पहला विश्वविद्यालय अस्पताल है जिसने यह उन्नत फिज़ियोलॉजिकल सीटीजी मास्टरक्लास आयोजित किया है और वह 2024 में 20+ देशों के 50+ सीटीजी विशेषज्ञों द्वारा निर्मित अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ सहमति दिशानिर्देशों के सिद्धांतों को लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है ताकि अनावश्यक प्रतिकूल प्रसवकालीन परिणामों और आपातकालीन सिजेरियन सेक्शनों में कमी लाई जा सके।

# विधान परिषद की याचिका समिति की बैठक आयोजित

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** विधान परिषद की याचिका समिति की बैठक कार्यकारी सभापति अशोक अग्रवाल के सभापतित्व में सर्किट हाउस सभागार में आयोजित की गयी जिसमें कुल 18 प्रकरणों की समीक्षा की गयी सभापति ने वाराणसी के कुल सात विभागों लोक निर्माण विभाग,सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग,ऊर्जा विभाग,ग्राम विकास विभाग, नगर निगम,आवास विकास से सम्बन्धित याचिका समिति के समक्ष विधान परिषद सदस्यों ने समय-समय पर उठाए गए जनहित के प्रकरणों से सम्बन्धित अद्यतन स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई समिति की बैठक में सर्वप्रथम नगर निगम से संबंधित विभिन्न निर्माण कार्यों,इंटरलॉकिंग कार्यों,आउटडोर जिम के निर्माण तथा गुणवत्ता,पार्क के सौन्दर्यीकरण आदि के संबंध में नगर आयुक्त द्वारा समिति को जानकारी दी गयी समिति के सभापति ने विकास कार्यों के दौरान शिलान्यास तथा लोकार्पण कार्यों में विधान परिषद के सदस्यों के नाम उल्लिखित करने को निर्देशित किया गया।

समिति द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त प्रकरणों पर बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये समिति के सभापति अशोक अग्रवाल ने कहा कि जिन प्रकरणों पर शासन स्तर पर कार्यवाही अपेक्षित है उन्हें शासन को सन्दर्भित करते हुये प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा नियमित रूप से अनुश्रवण भी किया जाये जिससे प्रकरण शीघ्र निस्तारित हो सकें।

ग्राम वाजिदपुर,हरहुआ में सीसी रोड व नाली निर्माण के कार्यों के संबंध में समुचित जवाब नहीं देने पर समिति द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया विधान परिषद सदस्य राय धर्मेंद्र सिंह ने जिला पंचायत के विकास कार्यों/ सड़क निर्माण की गुणवत्ता हेतु जांच कराने को कहा गया सभापति द्वारा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को विद्युतीकरण से छूटे मजरे हेतु जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेने तथा उक्त योजना का व्यापक प्रचार- प्रसार सुनिश्चित करने को कहा गया।

सभापति ने जिलाधिकारी,नगर आयुक्त,मुख्य विकास अधिकारी को सम्बन्धित प्रकरणों के निस्तारण से सम्बन्धित फोटोग्राफ्स व स्पष्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिऐ कहा कि जो प्रकरण बैठक में अभी लंबित रह गए हैं उनका निस्तारण यथाशीघ्र कर समिति को अवगत कराया जाये समिति द्वारा ग्राम अखरी,रामपुर, लठिया में किसानों की भूमि मुक्त कराये जाने के संबंध में जिलाधिकारी को आवास एवं विकास परिषद के साथ सर्वे कराकर जमीन की उपलब्धता के संबंध में रिपोर्ट से समिति को अवगत कराने को कहा गया ।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स के साथ कार्यशाला का आयोजन किया

वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में शुक्रवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा (आईएएस) की अध्यक्षता में आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स के साथ तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें नगर नियोजन प्रभात कुमार सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी तथा बड़ी संख्या में पंजीकृत आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स उपस्थित रहें कार्यशाला में मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक सरल,पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं, एनओसी की अनिवार्यता,शपथ पत्र,स्ट्रक्चर ड्रॉइंग,भूमि स्वामित्व अभिलेख तथा सबमिशन ड्रॉइंग में आवश्यक सभी तकनीकी विवरणों को निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी आर्किटेक्ट्स एवं इंजीनियर्स से उनकी ओर से आ रहीं तकनीकी समस्याओं एवं चुनौतियों के बारे में भी विस्तार से पूछा गया जिनका समाधान उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा द्वारा तत्परता से प्रदान किया गया उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन फाइल सबमिट करने से पूर्व मैप फैसिलिटी सेल में एक बार ड्रॉइंग की जाँच अवश्य कराई जाए जिससे त्रुटियाँ कम हों, शॉर्टफॉल न के बराबर आएं और मानचित्र शीघ्र व सुगमता से स्वीकृत हो सके कार्यशाला का उद्देश्य मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया में तकनीकी गुणवत्ता को मजबूत करना,समयबद्ध सेवा सुनिश्चित करना तथा आर्किटेक्ट्स और प्राधिकरण के बीच समन्वय को और प्रभावी बनाना है।

# डॉ. के एन मोदी फाउंडेशन में विशेष कार्यक्रम आशीर्वचन का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ. के एन मोदी फाउंडेशन मोदीनगर में एक विशेष कार्यक्रम, आशीर्वचनम, का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. के. एन. एम. आई. ई. टी. के 2004 बैच के पूर्व छात्र कुंदन कुमार, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, नालंदा, बिहार ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुंदन कुमार, रजिस्ट्रार यू एन मिश्रा, डॉ. के एन मोदी विश्वविद्यालय एनसीआर, कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) पी एन ऋषिकेश, प्रशासनिक अधिकारी मेघराज शर्मा, और चीफ इग्जेक्यटिव डाइरेक्टर प्रोफेसर (डॉ.) दीपांकर शर्मा तथा प्रोफेसर (डॉ.) शिशिर रस्तोगी निदेशक डॉ. के. एन. एम. आई. ई. टी. द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कुंदन कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को प्रेरित किया और इंजीनियरिंग क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न सरकारी अवसरों के बारे में बताया, जिनका लाभ उठाकर छात्र अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं।इस अवसर पर, कुंदन कुमार ने कहा, आज मैं यहाँ आकर बहुत खुश हूँ। मेरी सफलता का श्रेय मैं अपने माता-पिता, गुरुजनों और संस्थान को देता हूँ। मैं सभी छात्रों से आग्रह करता हूँ कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें और सरकारी सेवाओं में आने के लिए प्रयास करें। कार्यक्रम में डॉ. के एन मोदी फाउंडेशन के छात्रों, शिक्षकों, और कर्मचारियों ने भाग लिया, जिन्हें कुंदन कुमार के शब्दों से प्रेरणा मिली। उनकी उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि दृढ़ संकल्प, सही जानकारी और परिश्रम से कुछ भी असंभव नहीं है, और उनकी उपलब्धियां डॉ. के एन मोदी फाउंडेशन द्वारा प्रदान की गई उत्कृष्ट शिक्षा और प्रशिक्षण का प्रमाण हैं।डॉ. के एन मोदी फाउंडेशन कुंदन कुमार की उपलब्धियों पर गर्व महसूस करता है और उनके आगमन के लिए आभारी है, जो निश्चित रूप से हमारे छात्रों को उनके चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

# जन्मों के पुण्य जगते हैं तभी कथा सत्संग में पहुंचते हैं- अरविंद ओझा




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने राम कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब हम पर परमात्मा की अतिकृपा होती है और जन्मजन्मांतर के पुण्य जाग्रत होते हैं, तभी हम कथा सत्संग में पहुंच पाते हैं। इन कथाओं में संतों सज्जनों के सानिध्य में हमारा विवेक जाग्रत होता है जिससे बुद्धि अच्छे और बुरे का भेद कर पाती है। कथा व्यास अरविंद ओझा कस्बा फरीदनगर में जाहरवीर बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित राम कथा में प्रवचन कर रहे थे। कथा से पूर्व बड़ी संख्या में माता बहनें संकीर्तन करते हुए कलश यात्रा यात्रा में शामिल हुई। जो शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई। कथा व्यास ने कहा कि हर व्यक्ति में अच्छाई और बुराई दोनों होती है लेकिन कथाओं में आने से हमारे जीवन की भक्ति जागृत होती है और भक्ति करने से हमारा विवेक जाग्रत होता है जीवन में अच्छाईयां बढने लगती है। जिस प्रकार हीरा और कोयला एक ही स्थान पर पैदा होते हैं पर अपने अपने गुणों के कारण हीरा मुकुट की शोभा बढ़ाता और कोयला जल कर नष्ट हो जाता इसलिए परमात्मा ने हमें मनुष्य जीवन अनमोल दिया है जिसे हमें भक्ति के तराश कर हीरा बनाना चाहिए। कथा में मुख्य यजमान देवेंद्र सिंह तोमर सपरिवार रहे अन्य लोगों में महंत मुलयनाथ जी, अरविंद तोमर, रणपाल, माधुरी सिंघल, सीमा रहे।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का वार्षिक उत्सव 14 दिसंबर को

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद( अनिल वशिष्ठ )।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि 14 दिसंबर को महासभा का वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दयाशंकर सक्सेना ने बताया कि 14 दिसम्बर 2025 दिन रविवार को अजनारा इन्टीग्रिटी क्लब हाउस, राजनगर ऐक्सटेंशन, गाजियाबाद में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में हमारे लोकप्रिय भाजपा नेता शिव बहादुर सक्सेना (रामपुर) पूर्व मन्त्री, उत्तर प्रदेश सरकार होगें। विशिष्ट अतिथियों में श्री पीयूष श्रीवास्तव रिटायर्ड आई एवं आनन्द कुमार जौहरी सेवा निवृत्ति गन्ना आयुक्त व अध्यक्ष अ. भा. क. म. उत्तर प्रदेश पश्चिम होगें। इस आयोजन में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि प्राप्त मेधावी छात्र - छात्राओं व अन्य गाजियाबाद जनपद के चित्रांश को पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा एवं कायस्थ समाज के कमजोर परिवार के सदस्यों की सहायता व छात्राओं को शिक्षा आदि के लिए आर्थिक सहयोग का प्रदान किया जायेगा।

# मैग्नेसाइट कर्मियों को नही मिला लंबित वेतन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** अपनी लंबित मांगों को लेकर अल्मोड़ा मैग्नेसाइट फैक्ट्री के कर्मचारियों द्वारा पूर्व में 26 नवंबर तक हर हाल में सभी कर्मियों को अवशेष वेतन का भुकतान करने का आश्वासन मिलने के बाद फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों को अवशेष वेतन का भुकतान नही मिलने से अब कर्मचारी क्रमिक अनशन कर अपना विरोध जताने लगे हैं।कर्मियों ने फैक्ट्री को नित ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु प्रबंधन द्वारा मिले आदेश के अनुसार कड़ी मेहनत कर लगातार अल्मोड़ा मैग्नेसाइट कंपनी में काम करने, और काम के एवज में समय से वेतन नही मिलने, पूर्व में फेक्ट्री प्रबंधन में कुछ लोगों की तानाशाही के चलते कर्मियों को वेतन सहित अन्य भुकतान सम्बन्धी कार्यो के लिए परेशान किए जाने और चंद लोगों के इशारों पर कार्य होने के आरोप लगाते हुए विरोध जताने वालो को जबरन परेशान किए जाने, साथ ही वेतन, ग्रेज्युटी, भविष्यनिधि खातों से घर के संचालन हेतु पैसा निकालकर अपने घरों के आवश्यकीय कार्य करने की बात कहते हुए वेतन के लिए तरसाने के आरोप लगाए है।क्रमिक अनशन के दूसरे दिन भी कर्मी धरने में डटे रहे। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को अमली जामा नहीं पहनाया जाता तब तक वह चुप नहीं रहेंगे। वक्ताओं ने फैक्ट्री प्रबंधन पर भी उपेक्षा का आरोप लगाया है। कलक्ट्रेट में दूसरे दिन कार्मिक अनशन पर दीवान जनौटी, प्रेम सिंह जनौटी, राकेश कुमार तथा अशोक कुमार बैठे। यहां क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत ने आंदोलित कर्मियों को अपना समर्थन देते हुए उनकी मांगों को जायज ठहराया।उन्होंने कहा कि क्षेत्र की प्रमुख औद्योगिक इकाई से सैकड़ो लोगों को रोजगार मिलता है, दिन रात कर्मी ईमानदारी पूर्वक समयबद्ध होकर अपनी ड्यूटी करते हैं।

# मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी के साथ देवरिया सदर स्टेशन का किया निरीक्षण



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** अपने एक दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने 28 नवम्बर 2025 शुक्रवार को संरक्षा,यात्रियों की सुरक्षा एवं परिचलनिक सुधार एवं वाराणसी,देवरिया सदर रेल खण्ड पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा हेतु विन्डो ट्रेलिंग संरक्षा निरीक्षण तथा भटनी व देवरिया सदर स्टेशनों का स्टेशन निरीक्षण कियो इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी के साथ देवरिया सदर स्टेशन का निरीक्षण कियो निरीक्षण के दौरान देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत 36.52 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे पुनर्विकास कार्यों का गहन निरीक्षण कियो इस दौरान उन्होंने देवरिया सदर के निमार्णाधीन नए स्टेशन भवन आंतरिक भाग में यात्री सुविधाओं और फसाड की कार्य प्रगति,सकुर्लेटिंग एरिया की सड़क,नाली और अप्रोच रोड के निर्माण की प्रगति,फुट ओवर ब्रिज के सभी चारो फाउंडेशन निर्माण कार्य,इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के अंतर्गत संरचनात्मक कार्य, प्लेटफॉर्म की फ्लोरिंग एवं शेड की सीलिंग निर्माण कार्य,आगमन-प्रस्थान द्वार के सुंदरीकरण, पार्किंग,यात्री प्रतीक्षालय के नवीनीकरण, टिकट काउंटर, यात्री शेड एवं प्लेटफार्म की फाल सीलिंग,अप्रोच मार्ग, साफ-सफाई तथा रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया तथा अमृत भारत स्टेशन के प्रस्तावित स्वरूप में स्टेशन भवन,कोनकोर्स,एफओबी,पुस्तकालय एवं प्रतीक्षालयों में फिनिशिंग का कार्य स्थानीय कला और संस्कृति के अनुरूप किये जाने और सभी कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का सम्बंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया। इसके पश्चात सांसद ने मंडल रेल प्रबंधक के साथ देवरिया के व्यस्ततम समपार संख्या 129 २ का गहन निरीक्षण किया और इस समपार फाटक पर प्रायः होने वाली जाम की समस्या को अतिशीघ्र दूर करने हेतु प्रस्तावित लिमिटेड हाईट सबवे (छल्र) के शीघ्र निर्माण हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दियो निरीक्षण के उपरांत देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने मण्डल रेल प्रबंधक आशीष जैन के साथ अमृत भारत स्टेशन विकास योजना के अंतर्गत देवरिया सदर स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों से सम्बंधित समीक्षा बैठक ली और स्थानीय यात्रियों की भविष्य की आवश्यकताओं के दृष्टिगत अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत के पुनर्विकास कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की उन्होंने स्टेशन के विकास की कार्ययोजना का ब्लू प्रिंट देखा और स्टेशन सीमा में पड़ने वाले समपार फाटकों के व्यवस्थापन के सम्बंध में जानकारी ली सांसद ने मंडल रेल प्रबंधक को स्टेशन पर प्रस्तावित पुनर्विकास संबंधित सभी कार्यों को स्थानीय कला और संस्कृति के दृष्टिगत पुनः नियोजित कर कार्य कराने का निर्देश दिया।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यशाला का आयोजन



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी:-** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में शुक्रवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में विस्तारित विकास क्षेत्र के 216 नये ग्रामों के ग्राम प्रधानों,ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्राम सचिवों के साथ संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गयो कार्यशाला में नगर नियोजक प्रभात कुमार,सहायक नगर नियोजक सौरभ जोशी तथा प्राधिकरण के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधानों एवं प्रतिनिधियों के साथ प्राधिकरण के विस्तारित विकास क्षेत्र,मास्टर प्लान 2031 में प्रस्तावित विकास कार्यों,भूमि उपयोग,अवसंरचना विकास,जल निकासी,सड़क नेटवर्क तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियोजित विकास की आवश्यकता पर विस्तृत वार्ता की गई अधिकारियों द्वारा मानचित्र स्वीकृति की अनिवार्यता, उसकी प्रक्रिया तथा स्वीकृत मानचित्र से नागरिकों को मिलने वाले लाभ जैसे सुरक्षित एवं नियमबद्ध निर्माण, कानूनी सुरक्षा,अवैध निर्माण की रोकथाम एवं भविष्य के जोखिम से बचाव पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ग्राम प्रतिनिधियों को जागरूक करना तथा प्राधिकरण और ग्राम पंचायतों के बीच समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

# फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की आत्महत्या के विरोध में धरना प्रदर्शन किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर तहसील में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले तहसील के लेखपालो ने कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन फतेहपुर में लेखपाल सुधीर कुमार की कथित आत्महत्या के विरोध में किया गया, जिसकी वजह छुट्टी न मिलना, निलंबन और कार्य का दबाव बताया जा रहा है। फतेहपुर में कार्यरत लेखपाल सुधीर कुमार की शादी 26 नवंबर 2025 को तय थी। वह लगातार अधिकारियों से छुट्टी के लिए निवेदन कर रहे थे, लेकिन तहसील अधिकारियों ने उन्हें एसएआर ड्यूटी का हवाला देकर छुट्टी नहीं दी।

लेखपाल संघ मोदीनगर के अध्यक्ष अमित कुमार का आरोप है कि आए दिन की फटकार, शादी के लिए छुट्टी न मिलने और निलंबन के कारण पहले से ही तनाव में चल रहे सुधीर ने इस धमकी के बाद आत्महत्या कर ली। संघ ने इस घटना को आत्महत्या नहीं, बल्कि 'हत्या' बताया है। उन्होंने मृतक लेखपाल की बहन द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए जाने और तहसील व जनपद के लेखपालों के अनुरोध के बावजूद अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। साथ ही उन्होंने एसआईआर की तिथि बढाने की भी मांग रखी। बताया गया कि मोदीनगर में संजीव शिशौदिया को इस कार्य में लगे होने पर डेंगु होने पर भर्ती कराया गया,ओर दो लेखपालो का इलाज अस्पताल में चल रहा है। धरनारत लेखपालो में अमित कुमार के अलावा संजय कुमार,मोहित शर्मा,मयंक,चंचल त्यागी,मनीष मिश्रा,सुबोध कुमार ,गोपाल सिंघल आदि रहे।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में भारत विकास परिषद मोदीनगर द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का भव्य आयोजन जिसमें विलक्षण प्रतिभा के धनी छात्रों के समूह द्वारा गुरुजनों का वंदन किया गया।सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में भारत विकास परिषद, मोदीनगर के तत्वाधान में आज गुरु वंदनझछात्र अभिनंदन कार्यक्रम अत्यंत गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा को सशक्त बनाना, शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना तथा विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।इस विशेष अवसर पर विद्यालय के विलक्षण प्रतिभा के धनी छात्रों ने मंच पर उपस्थित होकर अपने गुरुजनों का वंदन किया और आदर-सम्मान प्रकट किया। उनके इस भावपूर्ण सम्मान ने पूरे समारोह को अत्यंत प्रेरणादायी बना दिया।कार्यक्रम में भारत विकास परिषद, मोदीनगर के अध्यक्ष श्री खेमराज आर्य (अध्यक्ष मोदीनगर), श्रीमती शिवानी शर्मा, डॉ. राखी कौशिक, श्री आशीष गोयल, श्री अंकित गोयल एवं श्री गौरव शर्मा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए विद्यालय के शिक्षकों—श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती रीना त्यागी, श्रीमती ललिता राणा, डॉ. प्रांजल शर्मा, श्रीमती अर्चना शर्मा, कुमारी जया कौशिक एवं श्री अभिषेक चौधरी को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।साथ ही छात्रों में अनुष्का चौधरी, अनुष्का त्यागी, अविका, मेधावनी, दिव्या चौधरी एवं अभि चौधरी को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सरिता सिंधु को भी परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने सभी छात्रों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु ही समाज एवं राष्ट्र निर्माण की धुरी हैं। शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्र, संस्कार और मानवीय मूल्यों का विकास करना है।गुरुजनों ने भी मंच से छात्रों को मूल्य-आधारित शिक्षा, सत्यनिष्ठा, सहानुभूति, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता जैसे जीवन-मूल्यों पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए।विद्यालय के प्रबंधक तुषार गुप्ता तथा डॉ. शिखा दरबारी ने भी सभी छात्रों एवं शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि—विद्यालय सदैव ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करता रहेगा जो विद्यार्थियों में संस्कार, प्रतिभा और आत्मविश्वास का संवर्धन करें। भविष्य में भी इस गतिशील परंपरा को आगे बढ़ाना हमारा संकल्प है। अंत में सुरेविन परिवार की तरफ से कार्यक्रम में पधारे सभी परिषद के माननीय अतिथियों को विद्यालय की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया तथा अतिथिगणों ने अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत बनाते हैं और विद्यार्थियों में संस्कार एवं आत्मविश्वास का विकास करते हैं।




# नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल द्वारा द्वारा रोड चौड़ीकरण किए जाने को लेकर पांडेयपुर चौराहा का किया गया स्थलीय निरीक्षण

**वाराणसी :-** लोक निर्माण विभाग के द्वारा की जा रही पांडेयपुर चौराहा रोड चौड़ीकरण को लेकर नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल के द्वारा शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण किया गयो नगर आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि पांडेयपुर चौराहा स्थित गुरु नानक स्वीट,दूध सट्टी के पास ठेला,गुमटी,विभिन्न प्रकार के वाहन खड़ा कर मार्ग अतिक्रमण किए जाने से यातायात जहां बाधित हो रहा है ही दुर्व्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है उक्त स्थल के पास किए गए अतिक्रमण को ‍ च्व एवं नगर निगम संयुक्त रूप से हटाते हुए व्यवस्थित रूप से ऑटो पार्किंग स्थल बनाया जाना प्रस्तावित है इसी क्रम में पांडेपुर चौराहा के सारनाथ एवं आजमगढ़ मार्ग की तरफ भी ऑटो पार्किंग स्थल चिन्हित करते हुए इस संदर्भ में प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए उक्त कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। पांडेयपुर दूध सट्टी एवं ठेला,गुमटी, विभिन्न प्रकार के वाहन खड़ा कर मार्ग अतिक्रमण किए जाने से यातायात जहां बाधित हो रहा है वहीं दुर्व्यवस्थाओं का सामना करना पड़ता है उक्त स्थल के पास से दूध सट्टी को विस्थापित किए जाने हेतु पुलिस लाइन स्थित बेसिक शिक्षा कार्यालय के सामने पीडब्लूडी की रिक्त भूमि पर दूध सट्टी स्थापित करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये गये नगर आयुक्त द्वारा पांडेयपुर फ्लाई ओवर के नीचे वेंडिग जोन एरिया बनाए जाने हेतु उपयुक्त स्थल का चयन कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में तेजी लाने के निर्देश

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने विभिन्न संगठनों के साथ की बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिले के प्रमुख संगठनों के साथ एक विस्तृत बैठक की। रेलवे कर्मचारी संघ, व्यापारी संघ, निर्माण एजेंसियाँ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, औद्योगिक संगठन, व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और मीडिया एसोसिएशन सहित कई संगठनों के अध्यक्षों और सचिवों ने बैठक में भाग लिया। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने मीडिया को भी संबोधित किया और अभियान की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं और निर्वाचकों से अपेक्षा है कि वे अपने फॉर्म में आवश्यक जानकारी भरकर उसे संबंधित बी.एल.ओ. को समय पर जमा करें तथा उसकी रसीद अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस समय प्राप्त प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन तेज गति से चल रहा है और समय पर प्रपत्र जमा होना इस प्रक्रिया के लिए अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने सभी संगठनों से आग्रह किया कि वे अपने सदस्यों, कर्मचारियों और सहयोगियों को एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जागरूक करें, ताकि कोई भी मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने बताया कि उनके साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी और सभी निर्वाचन रजिस्ट्रकरण अधिकारी उन बी.एल.ओ. की विशेष निगरानी कर रहे हैं जिनके कार्य समय से पूरा न होने की संभावना दिखी थी, और इस उद्देश्य से सभी अधिकारियों ने 20-20 बी.एल.ओ. को 'गोद लिया है। इस कदम से कार्य में व्यापक सुधार देखने को मिला है। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी मतदाता को गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है तो इसके मुख्य कारण आवास परिवर्तन या मतदाता पहचान पत्र पर दर्ज पता का भिन्न होना हो सकता है। ऐसी स्थिति में मतदाता अपने क्षेत्र के अनुसार लोनी, मोदीनगर या तहसील सदर स्थित वीआरसी केंद्रों से अपना गणना प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को फॉर्म के अभाव में मतदाता सूची से वंचित नहीं होना चाहिए।

# शहर विधायक संजीव शर्मा ने नाली और इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की गति को और तेज करते हुए शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुगम सुविधाएँ उपलब्ध कराना उनका सर्वोच्च कर्तव्य है और इसी दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वार्ड 35, अकबर-बहरामपुर में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवेंद्र पाल के मकान से कैलाश यादव के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 22 लाख रुपये है। इसके साथ ही श्याम दत्त के मकान से माता मंदिर तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य भी शुरू किया गया, जिसकी लागत लगभग 6 लाख रुपये आंकी गई है। इसी प्रकार वार्ड 2, रघुनाथपुरी में भी देवेंद्र के मकान से सुरेंद्र के मकान तक, प्रमोद से नन्द किशोर तक, और सुरेंद्र के मकान से पुष्पेंद्र के मकान तक नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया गया। इन कार्यों की अनुमानित लागत लगभग 15 लाख रुपये है। शहर विधायक के मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने बताया कि इन कार्यों के अलावा विधानसभा क्षेत्र में और भी अनेक विकास कार्य शीघ्र प्रारम्भ होने वाले हैं, जिनका उद्देश्य जनता की सुख-सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में विकास की यह गति निरंतर जारी रहेगी और सभी परियोजनाओं का प्रभाव सीधे तौर पर जनता के जीवन स्तर को सुधारने वाला होगा। उन्होंने सभी विभागों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर विधायक ने क्षेत्रवासियों से भी अपील की कि वे इन विकास कार्यों में सहयोग करें और स्थानीय समस्याओं व सुझावों को साझा करते रहें, ताकि हर कार्य जनता की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप पूरा किया जा सके।

## इंदिरापुरम में नगर निगम का प्रदूषण विरोधी महाअभियान, जुमार्ना-7 लाख से अधिक वसूली

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** वायु गुणवत्ता में निरंतर गिरावट के बीच नगर निगम ने इंदिरापुरम तथा वसुंधरा जोन में बड़े स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण अभियान छेड़ दिया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर अलग-अलग टीमों ने क्षेत्र में दौरा कर अवैध रूप से चल रहे तंदूर, भ्ठ्ठियां, धुआं फैलाने वाले उपकरण और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। कई स्थानों पर जेसीबी लगाकर अवैध तंदूर और भ्ठ्ठियों को हटाया गया, जबकि प्रतिबंधित प्लास्टिक इस्तेमाल करने वालों से भारी जुमार्ना वसूला गया। नगर निगम के वसुंधरा जोन में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक, अवैध अतिक्रमण, गंदगी फैलाने और वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले उपकरणों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 2,29,000 रुपये का जुमार्ना मौके पर ही वसूला गया।

टीम ने इंदिरापुरम के शक्ति खंड, अहिंसा खंड और आसपास के क्षेत्रों में अवैध तंदूरों को जेसीबी से हटाकर बंद कराया। अवैध निर्माण और खुले में चल रही भट्टियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग, सेनेटरी टीम और फूड इंस्पेक्टरों ने संयुक्त रूप से अभियान को आगे बढ़ाया। मौके पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं जोनल प्रभारी एस.के. राय, सेनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर अशोक तथा निगम की अन्य टीमें मौजूद रहीं। नगर निगम के अनुसार केवल नवंबर माह में वसुंधरा जोन में प्रदूषण नियंत्रण अभियान के दौरान 7 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना वसूला जा चुका है, जो प्रशासन की सख्ती का स्पष्ट संकेत है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा कि वायु प्रदूषण को रोकना केवल सरकार या निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें व्यापारी वर्ग, दुकानदार और स्थानीय नागरिक भी सहभागी बनें। उन्होंने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें, दुकानों के आसपास नियमित सफाई रखें और धूल नियंत्रण के लिए पानी छिड़काव कराएं। नगर आयुक्त ने चेतावनी दी कि नियम तोडे वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## संविधान दिवस पर गाजियाबाद में रालोद का भव्य कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल द्वारा शुक्रवार को नवयुग मार्किट स्थित अन्नपूर्णा होटल में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के शीर्ष नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. यशवीर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंवर पी.के. सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेंद्र खजुरी और एससी/एसटी आयोग के सदस्य विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। समारोह की शुरूआत बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और चौधरी चरण सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ हुई। सभी अतिथियों ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्ष और उनके सामाजिक सुधारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने समानता, न्याय और अधिकारों पर आधारित भारत के निर्माण का जो सपना देखा था, वही आज भी लोकतंत्र की मूल प्रेरणा है। मंच का संचालन महानगर अध्यक्ष डॉ. रेखा चौधरी ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की। नेताओं ने अपने संबोधन में कहा कि चौधरी चरण सिंह का दृष्टिकोण किसान-समाज और ग्रामीण भारत को मजबूत करने पर केंद्रित था। रालोद उन्हीं मूल्यों और विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लेता है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से संविधान की रक्षा, किसान हितों की लड़ाई और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अधिक सक्रिय होने का आह्वान किया।

## एक्टिव मोड में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, अदालतों में लंबित वादों पर तेज हुई कार्रवाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने विभिन्न अदालतों में लंबित वादों को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। इस उच्चस्तरीय बैठक में सभी संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और कानूनी टीम को उपस्थित होना अनिवार्य किया गया था। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने साफ निर्देश दिए कि अदालतों में चल रहे हर मुकदमे में जीडीए का पक्ष मजबूती से रखा जाए और किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नंद किशोर कलाल ने बताया कि अब अदालतों में लंबित मामलों का पूरा ब्यौरा सॉफ्टवेयर पर अपलोड किया जा रहा है। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी बल्कि अधिकारी नियमित रूप से स्थिति की समीक्षा कर सकेंगे। सॉफ्टवेयर बेस्ड मॉनिटरिंग के कारण ही जीडीए ने एनसीएलटी में रेड मॉल से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकरण में बड़ी जीत हासिल की है। उपाध्यक्ष वत्स ने कानूनी शाखा और संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि जिन मामलों में प्राधिकरण की ओर से काउंटर एफिडेविट दाखिल किया जाना है, उसे समय पर तैयार करके अदालत में प्रस्तुत किया जाए।

## धोखे की सोलर स्कीम! कारोबारी से 10 लाख की ठगी, तीन आरोपी फरार

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र से एक और बड़ा निवेश घोटाला सामने आया है, जिसमें सोलर व्यापार में भारी मुनाफे का सपना दिखाकर एक कारोबारी से 10 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला साहिबाबाद के वसुंधरा इलाके का है, जहां सेक्टर-2 निवासी मनीष कुमार त्यागी को साल 2023 में उनके परिचित सतेंद्र चौधरी ने कथित सोलर कारोबारी सुभाष सैनी (निवासी पिलानी पाली, राजस्थान) और महेंद्र सिंह चूड़ावत (निवासी उदयपुर) से मिलवाया था। शिकायत के अनुसार, मुलाकात के कुछ दिनों बाद सुभाष सैनी वसुंधरा आया और सत्येंद्र चौधरी के घर पर मनीष को बुलाया। यहां सुभाष ने दावा किया कि उसका सोलर पैनल व ऊर्जा संबंधी उपकरणों का बड़ा व्यवसाय है और राजस्थान सरकार के साथ उसका अनुबंध भी हो चुका है।

## एसआईआर अभियान धीमा करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की चेतावनी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पहले से ही दबाव में चल रहा है और इस बीच बीएलओ ड्यूटी में लगे कर्मचारियों से विभागीय कार्यालयों का काम कराए जाने की शिकायतों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। कई विभागीय प्रभारी अपने कर्मचारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के साथ-साथ विभाग का नियमित दायित्व भी सौंप रहे हैं, जिसके कारण अभियान की गति प्रभावित हो रही है।

समस्या बढे पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार भांदड़ ने गंभीर संज्ञान लेते हुए सभी विभागों को सख्त चेतावनी जारी की है कि बीएलओ के रूप में नियुक्त किसी भी कर्मचारी से विभागीय कार्य लेना तुरंत बंद किया जाए, अन्यथा संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी एसआईआर अभियान में लगाई गई है, वे केवल चुनाव संबंधी कार्य ही करेंगे। चुनाव कार्य एक अत्यंत संवेदनशील और समयबद्ध प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई न तो स्वीकार्य है और न ही यह व्यवस्था के अनुरूप है। जिलाधिकारी ने बताया कि कई क्षेत्रों से यह शिकायतें आई हैं कि बीएलओ कर्मचारियों पर दोहरी जिम्मेदारी डालने के कारण घर-घर सत्यापन, मतदाता सूची अद्यतन और नए मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया धीमी हो रही है। कुछ सेक्टरों में तो अभियान लगभग ठहर-सा गया है। ऐसे हालात निर्वाचन प्रक्रिया के लिए नुकसानदेह हैं और यह सीधे तौर पर मतदाता सूची की शुद्धता को प्रभावित कर सकता है। रविन्द्र कुमार भांदड़ ने स्पष्ट कहा कि अब किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई विभाग बीएलओ को नियमित काम में लगाए रखता है, तो यह न केवल शासन के आदेशों की अवहेलना है, बल्कि निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने जैसा भी है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि चुनाव प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके दौरान सभी विभागीय गतिविधियाँ चुनाव कार्य के बाद की श्रेणी में रखी जाएँ। कर्मचारियों को मानसिक दबाव में डालकर उनसे दोहरी जिम्मेदारी सौंपना अनुचित है और इससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

## विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान में गाजियाबाद प्रदेश में चौथे स्थान पर

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2047 तक राज्य को विकसित श्रेणी में स्थापित करने के लक्ष्य से चलाए जा रहे 'विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान में गाजियाबाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। 3 सितंबर 2025 से शुरू इस राज्यव्यापी जनसुझाव अभियान में गाजियाबाद के नागरिकों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और कुल 2,95,506 सुझाव दर्ज कराए। यह उत्कृष्ट भागीदारी जिले की जागरूकता और भविष्य के विकास को लेकर जनता की गंभीर सोच को दशार्ती है। सुझावों का विश्लेषण बताता है कि गाजियाबाद के नागरिकों ने सबसे अधिक ध्यान शिक्षा क्षेत्र पर दिया।

## 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर बैंक मैनेजर की मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन में 24 नवंबर को 14वीं मंजिल से कूदकर जान देने वाले बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर रोहित बत्रा की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है।

मृतक की पत्नी एश्वर्या सिंह की शिकायत पर नंदग्राम थाने में उनकी दो बहनों और दो बहनोइयों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पत्नी ने पुलिस को वह ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सौंपी है, जिसमें कथित तौर पर रोहित अपनी बहन से विवाद और उस विवाद के मानसिक दबाव की बात कर रहे हैं। हापुड़ के नेहरू नगर निवासी एश्वर्या सिंह ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि उनके पति रोहित बत्रा हापुड़ के असौड़ा स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा में प्रबंधक थे। 24 नवंबर की सुबह वह रोज की तरह बैंक के लिए घर से निकले थे। दोपहर करीब 3:45 बजे रोहित ने पत्नी एश्वर्या को फोन कर बताया कि उनका अपनी बहन प्रियंका सेट्टी से फोन पर तीखा विवाद हुआ है। आरोप है कि रोहित का राजनगर एक्सटेंशन स्थित फ्लैट उनकी दोनों बहनें प्रियंका सेट्टी और सोनिका बत्रा अपने कब्जे में लेना चाहती थीं। शिकायत के अनुसार, दोनों के पति शान सेट्टी और आशीष चावला भी इस दबाव में शामिल थे। एश्वर्या का कहना है कि बहनों द्वारा लगातार मानसिक प्रताडा और दबाव के कारण रोहित कई दिनों से तनाव में थे। इसी बात का जिक्र उन्होंने मौत से कुछ घंटे पहले पत्नी से फोन पर किया था।

यही बातचीत रोहित ने रिकॉर्ड भी की थी, जिसे उनकी पत्नी ने पुलिस को सौंप दिया है। एश्वर्या के मुताबिक, उसी शाम उन्हें सूचना मिली कि उनके पति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं।

# इमिग्रेशन और विदेशियों संबंधी विधेयक 2025: अवैध घुसपैठ पर सबसे बड़ी सख्ती, सीमाओं से लेकर शहरों तक मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया







इमिग्रेशन और विदेशियों संबंधी विधेयक2025 ने भारत की सीमा सुरक्षा, आंतरिक व्यवस्था और शहरी नेटवर्क तक व्यापक हलचल पैदा कर दी है। अप्रैल 2025 में पारित और सितम्बर में लागू हुए इस कानून ने उन मार्गों पर सबसे अधिक असर डाला है जहाँ से वर्षों तक अवैध प्रवेश बिना रोक-टोक जारी रहा। सीमाई क्षेत्रों—नेपाल सीमा, पश्चिम बंगाल, असम और राजस्थान—से लेकर दिल्लीएनसीआर और उत्तर प्रदेश के शहरी इलाकों तक, कई जगह ऐसे नेटवर्कों में अचानक भगदड़ देखी गई है जो वर्षों से फर्जी दस्तावेजों पर विदेशी नागरिकों को पहचान और आश्रय दिलाने का काम करते रहे। एसआईआर की स्पेशल इन्वेस्टीगेशन रिपोर्ट बताती है कि कानून लागू होते ही कई संवेदनशील इलाकों से अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक रातोंरात गायब हो गए। फर्जी दस्तावेज बनाने वाले गिरोहों ने अपनी गतिविधियाँ धीमी कर दीं और कई ठिकानों पर ताले लग गए। भारत की सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह एक अप्रत्याशित किंतु महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है। एसआईआर के अनुसार, नया कानून केवल सीमा सुरक्षा कानून नहीं है—यह उन पूरे नेटवर्कों को तोड़ने का प्रयास है जो भारत की जनसांख्यिकीय संरचना, अपराध तंत्र और धर्मांतरण मॉड्यूल तक को प्रभावित करते रहे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की नाराजगी—यह विधेयक उनके लिए चुनौती क्यों बना? एसआईआर की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में अवैध मतदाता सूची का बड़ा नेटवर्क वर्षों से पनपता रहा है। मतदाता सूची के पुनरीक्षण में 28 लाख नाम हटना और 9 लाख लोगों का मृत पाया जाना इसी गहरे जाल की ओर संकेत करता है। इसी कारण पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री इस विधेयक को लेकर बार-बार भड़ककर बोल रही हैं क्योंकि इस कानून के बाद वह पूरी व्यवस्था, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए वर्षों तक इस्तेमाल किया गया, अब ढहती दिखाई दे रही है। रोहिंग्याबांग्लादेशी नेटवर्क की पोल खुली—ममता का डर, दर्द और चोर की दाढ़ी में तिनका इमिग्रेशन और विदेशियों संबंधी विधेयक2025 लागू होते ही रोहिंग्या और बांग्लादेशी नेटवर्क पर सबसे बड़ा झटका लगा। दिल्लीएनसीआर, मालदा, मुर्शिदाबाद और कोलकाता के आसपास वर्षों से छिपे कई समूह अचानक गायब होने लगे। फर्जी पहचान पत्र बनाने वाले गिरोह ठप पड़ गए और सीमाई इलाकों में भगदड़ का माहौल बन गया। एसआईआर के अनुसार, पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक हलचल इसलिए है क्योंकि अवैध बसावट का सबसे बड़ा गढ़ वहीं पनपा था। यही कारण है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस कानून पर लगातार नाराज दिख रही हैं।